दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...



उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर ...8


बलरामपुर
सोमवार , 16 मार्च 2026
वर्ष: 05 अंक : 162 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com


# चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदान 9 अप्रैल से शुरू होगा, मतगणना 4 मई को होगी

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग 15 मार्च (रविवार) को शाम 4:00 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान कार्यक्रम की घोषणा की। इसके अनुसार, मतदान 9 अप्रैल को शुरू होगा और वोटों की गिनती 4 मई को होगी। चुनाव आयोग के अनुसार, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव एक ही चरण में 9 अप्रैल को होंगे। तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में होंगे, जिसमें मतदान 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को निर्धारित है। आयोग ने बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

इसके अलावा चुनाव आयोग ने बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव कराने के लिए लगभग 25 लाख चुनाव अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। इन कर्मियों में मतदान कर्मचारी, सुरक्षा बल और प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे, जो चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को संभालने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।




चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव वाले पाँच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 2.19 लाख से ज़्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएँगे। अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं के लिए मतदान को सुलभ और सुचारू बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मतदान केंद्रों की यह बड़ी संख्या, अलग–अलग भौगोलिक क्षेत्रों में होने वाली इस चुनावी प्रक्रिया के विशाल पैमाने को दर्शाती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करने के लिए, 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

## यहाँ चुनाव कार्यक्रम का पूरा विवरण दिया गया है

1. असम – मतदान की तिथि – 9 अप्रैल मतगणना की तिथि – 4 मई
2. तमिलनाडु – मतदान की तिथि – 23 अप्रैल मतगणना की तिथि – 4 मई
3. पश्चिम बंगाल – मतदान की तिथि – 23 अप्रैल (पहला चरण), 29 अप्रैल (दूसरा चरण) मतगणना की तिथि – 4 मई
4. केरल – मतदान की तिथि – 9 अप्रैल, मतगणना की तिथि – 4 मई
5. पुडुचेरी – मतदान की तिथि – 9 अप्रैल, मतगणना की तिथि – 4 मई

# ईरान ने पहली बार दागी डांसिंग मिसाइल

## 2000 किमी तक मार करने की क्षमता, क्यों खास है सेज्जिल?

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच ईरान ने पहली बार अपनी उन्नत सेज्जिल मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने रविवार को इजरायल और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर कई मिसाइलें दागीं, जिनमें सेज्जिल मिसाइल भी शामिल थी। इस मिसाइल को इसकी खास क्षमता की वजह से श्डांसिंग मिसाइलश भी कहा जाता है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी को शुरू हुए इस युद्ध के बाद पहली बार सेज्जिल मिसाइल का इस्तेमाल किया गया है। यह मिसाइल पूरी तरह ईरान में डिजाइन और विकसित की गई है और इसे सज्जिल, आशूरा या अशूरा मिसाइल के नाम से भी जाना जाता है।



### क्या है सेज्जिल मिसाइल?

सेज्जिल–2 एक दो चरणों वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जो ठोस ईंधन से चलती है। इसकी मारक क्षमता करीब 2000 किलोमीटर तक बताई जाती है और यह लगभग 700 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकती है। इस मिसाइल की खासियत यह है कि यह ऊंचाई पर जाकर रास्ता बदलने की क्षमता रखती है। इसी वजह से इसे "डांसिंग मिसाइल" कहा जाता है, क्योंकि यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे आयरन डोम को चकमा दे सकती है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, यह मिसाइल करीब 18 मीटर लंबी, लगभग 1.25 मीटर व्यास की और करीब 23,600 किलोग्राम वजनी होती है।

### क्यों खास है यह मिसाइल?

सेज्जिल मिसाइल में ठोस ईंधन का इस्तेमाल किया गया है, जिससे इसे पुराने तरल ईंधन वाली मिसाइलों के मुकाबले जल्दी तैयार कर लॉन्च किया जा सकता है। इस मिसाइल के डिजाइन पर काम 1990 के दशक की शुरुआत में शुरू हुआ था। **CSIS** के अनुसार, इसका पहला परीक्षण 2008 में किया गया था, जिसमें मिसाइल ने लगभग 800 किलोमीटर की दूरी तय की थी। इसके बाद मई 2009 में दूसरा परीक्षण किया गया, जिसमें इसके गाइडेंस और नेविगेशन सिस्टम को बेहतर परखा गया।

# असम को 2092 करोड़ की सौगात

## गुवाहाटी से गरजे अमित शाह, कांग्रेस पर लगाए घोटाले के गंभीर आरोप

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के गुवाहाटी में कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने 15 साल के शासन के दौरान राज्य के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये का गबन किया। शाह ने करीब 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की भलाई के लिए काम करती रही, जबकि भाजपा समाज के हर वर्ग को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।



राहुल गांधी के चाय–पकौड़ा विरोध पर साधा निशाना: गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहने के दौरान प्रदर्शन करना सही है, लेकिन इसके लिए एक मर्यादा होनी चाहिए। शाह ने राहुल गांधी के संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय–पकौड़ा खाने और हालिया एआई शिखर सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन के तरीके को गलत बताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र की पवित्र जगह है और राहुल गांधी को यह तक नहीं पता कि नाश्ता कहां करना चाहिए। शाह के अनुसार, राहुल गांधी के ऐसे कामों से देश की छवि खराब होती है।

### असम में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

अमित शाह ने गुवाहाटी में 675 करोड़ रुपये की लागत से बने श्प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालश का उद्घाटन किया। यह शहर का दूसरा बड़ा सरकारी मेडिकल कॉलेज है। इसके अलावा, उन्होंने गोलाघाट और तिनसुकिया में नए कैंसर केंद्रों की शुरुआत की। शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की तारीफ करते हुए कहा कि आज असम की चिकित्सा सुविधाएं गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे विकसित राज्यों के बराबर पहुंच गई हैं।

### हजारों करोड़ की नई परियोजनाओं की नींव

दौरे के दौरान गृह मंत्री ने कई नए अस्पतालों का शिलान्यास भी किया। इनमें दीफू (220 करोड़), जोरहाट (310 करोड़) और बारपेटा (284 करोड़) में बनने वाले सुपर–स्पेशियलिटी अस्पताल शामिल हैं। साथ ही, गुवाहाटी में 218 करोड़ की लागत से श्स्वास्थ्य भवनश और अभयपुरी में 115 करोड़ का नया जिला अस्पताल बनाया जाएगा।

# मिडिल ईस्ट तनाव: ईरान से युद्ध, अमेरिका में घिरे ट्रंप, इन देशों से की मदद की अपील

नई दिल्ली। ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के दो सप्ताह बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप घरेलू राजनीति में दबाव झेल रहे हैं। युद्ध की बढ़ती कीमत, अमेरिकी सैनिकों की मौत, तेल की कीमतों में उछाल और शेयर बाजार में गिरावट ने उनकी रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रंप अब तक जनता को यह भरोसेमंद ढंग से नहीं समझा पाए हैं कि युद्ध क्यों शुरू किया गया और इसका अंत कैसे होगा।व्हाइट हाउस के भीतर भी युद्ध को लेकर बेचौनी बढ़ी है। हाल के दिनों में ट्रंप मीडिया कवरेज पर लगातार नाराजगी जताते रहे हैं। शनिवार को उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मीडिया चाहता है कि अमेरिका युद्ध हार जाए। इसके बाद अमेरिकी प्रसारण नियामक ने कुछ मीडिया संस्थानों को चेतावनी भी दी।युद्ध के बीच ट्रंप फ्लोरिडा स्थित अपने गोल्फ क्लब में कई घंटे बिता रहे हैं और सुपर पीएसी मागा इंक के लिए दान जुटाने में मशगूल हैं। पिछले हफ्ते भी वह उस दिन गोल्फ खेल रहे थे, जब ईरान युद्ध में मारे गए छह अमेरिकी सैनिकों के पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक लाया गया था। इससे युद्ध को लेकर ट्रंप की गंभीरता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# ममता सरकार ने खोला खजाना, पश्चिम बंगाल के पुजारियों–मुअज्जिनों का भत्ता 4 गुना बढ़ा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से ठीक पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के कर्मचारियों और धार्मिक गुरुओं के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार ने लंबे समय से लंबित महंगाई भत्ते के बकाये को चुकाने और पुजारियों व मुअज्जिनों के मासिक भत्ते में वृद्धि करने का फैसला लिया है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए इसे अपनी सरकार द्वारा वादा निभाने वाला कदम बताया है।



कर्मचारियों को मिलेगा 2009 से लंबित डीए बकाया: राज्य सरकार ने घोषणा की है कि **'ROPA-2009'** के तहत जो महंगाई भत्ता बकाया था, उसका भुगतान मार्च 2026 से चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। इस फैसले का सीधा फायदा राज्य के लाखों सरकारी कर्मचारियों, पेंशनरों, स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षकों और गैर–शिक्षण कर्मचारियों को मिलेगा। साथ ही पंचायत, नगर पालिका और अन्य स्थानीय निकायों के स्टाफ को भी इस दायरे में शामिल किया गया है। वित्त विभाग ने इसके लिए जरूरी दिशा–निर्देश भी जारी कर दिए हैं। पुजारियों और मुअज्जिनों के मानदेय में भारी इजाफा: मुख्यमंत्री ने राज्य के आध्यात्मिक और सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुजारियों और मुअज्जिनों के लिए भी बड़ा ऐलान किया है। अब तक उन्हें मिलने वाले 500 रुपये के मासिक मानदेय को बढ़ाकर सीधा 2,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। ममता बनर्जी ने बताया कि मानदेय में 1,500 रुपये की यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। साथ ही, जिन नए पुजारियों और मुअज्जिनों ने आवेदन किया था, उन्हें भी सरकार ने मंजूरी दे दी है। चुनावी माहौल: ममता बनर्जी ने लिखा कि उन्हें ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने पर गर्व है जहां हर समुदाय और परंपरा का सम्मान किया जाता है। हालांकि, चुनाव की तारीखों के ऐलान से ठीक पहले किए गए इन ऐलानों को विपक्षी दल चुनावी दांव करार दे रहे हैं। सरकार का कहना है कि यह कदम उन वादों को पूरा करने की दिशा में है जो कर्मचारियों और विभिन्न समुदायों से किए गए थे। इस फैसले से राज्य के करीब 20 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# बहुजन राजनीति के नायक कांशीराम को मिले भारत रत्न

## राहुल ने पीएम मोदी को पत्र लिख क्यों की यह मांग?

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम को श्भारत रत्नश देने की मांग की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना यह पत्र साझा किया, जिसमें उन्होंने कांशीराम जी को सामाजिक न्याय का महान योद्धा और करोड़ों लोगों को हक और आत्मसम्मान की राह दिखाने वाला मार्गदर्शक बताया। जयंती के अवसर पर रखा प्रस्ताव: राहुल गांधी ने यह पत्र कांशीराम जी की जयंती के मौके पर लिखा है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश उनके योगदान और विरासत को याद कर रहा है, तो उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजना एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गांधी ने पत्र में उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस अनुरोध पर विचार करेंगे, क्योंकि यह मांग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा सालों से की जा रही है।



दलित राजनीति को दी नई दिशा: अपने पत्र में राहुल गांधी ने कांशीराम जी के कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा कि कांशीराम जी ने हाशिए पर पड़े समुदायों को एकजुट कर भारतीय राजनीति का स्वरूप ही बदल दिया।

# युद्ध की आग में झुलसा बोर्ड एग्जाम!

## एजुकेशन बोर्ड ने पश्चिम एशिया में रद्द कीं 12वीं की परीक्षाएं!

नई दिल्ली। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी भीषण संघर्ष की आंच अब शिक्षा क्षेत्र तक पहुंच गई है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने रविवार को एक आपातकालीन घोषणा करते हुए पश्चिम एशिया के प्रभावित देशों में कक्षा 12वीं की बाकी बची सभी बोर्ड परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। यह निर्णय उन हजारों छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है, जो युद्ध की विभीषिका के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में असमर्थ हैं। इस फैसले का असर बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में ब्ठै्म से मान्यता प्राप्त 150 से ज़्यादा स्कूलों के छात्रों पर पड़ेगा। 1 मार्च के बाद से अपने छठे सर्कुलर में, **CBSE** ने साफ किया कि जो पेपर पहले टाले गए थे, वे भी अब रद्द माने जाएंगे। 16 मार्च से 10 अप्रैल, 2026 के बीच होने वाली परीक्षाएं अब नहीं होंगी। बोर्ड ने कहा कि वह प्रभावित छात्रों के रिजल्ट घोषित करने के तरीके के बारे में बाद में जानकारी देगा।



आधिकारिक सूचना और तालमेल

**CBSE** के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि यह फैसला परीक्षा कराने की संभावना की समीक्षा करने और प्रभावित देशों के स्कूलों और अधिकारियों से मिली राय पर विचार करने के बाद लिया गया है। खाड़ी देशों में भारत के राजदूतों और दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत को इस बारे में सूचित कर दिया गया है, ताकि उचित तालमेल सुनिश्चित किया जा सके।

2026 की बोर्ड परीक्षाएं और पहले टाली गई परीक्षाएं

12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी को शुरू हुई थीं। पश्चिम एशिया में 1 मार्च को पेपर टाले जाने से पहले, भौतिकी, रसायन विज्ञान, भूगोल और लेखाशास्त्र जैसे कई विषयों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक हो चुकी थीं। इससे पहले, **CBSE** ने 5 मार्च को इस क्षेत्र में 10वीं कक्षा की बाकी सभी परीक्षाएं भी रद्द कर दी थीं।

हाल के वर्षों में यह कुछ ही ऐसे मौकों में से एक है, जब **CBSE** को विदेशों में होने वाली परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं। इससे पहले 2020–21 में कोविड–19 महामारी के दौरान, या फिर खराब मौसम और स्थानीय आपात स्थितियों के कुछ मामलों में ऐसा करना पड़ा था।

छात्रों पर असर

इस फैसले का असर खाड़ी देशों में **CBSE** से मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों भारतीय छात्रों पर पड़ेगा। इनमें दुबई, अबू धाबी, दोहा और रियाद जैसे बड़े केंद्र शामिल हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट में जज बदलने की मांग खारिज होने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने हाईकोर्ट में न्यायाधीश बदलने की अपनी मांग को खारिज किए जाने के खिलाफ अपील दायर की है। बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई सोमवार को हो सकती है। केजरीवाल का कहना है कि निष्पक्ष सुनवाई के लिए जज बदलना जरूरी है, अन्यथा न्याय प्रक्रिया पर सवाल उठ सकते हैं। इसी मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा जारी समन को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है।



# चित्रांश क्लब महिला लवग के शपथ ग्रहण समारोह में सामाजिक कार्यों को गति देने पर जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। चित्रांश क्लब महिला विंग का शपथ ग्रहण समारोह जिलाध्यक्ष संजू श्रीवास्तव के संयोजन में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। समाजसेवी राना दिनेश प्रताप सिंह ने 2026 के पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। उन्होने मानस सेवा को सर्वोच्च बताते हुये जाति धर्म से ऊपर उठकर सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने पर जोर दिया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजू श्रीवास्तव, संयोजक लक्ष्मी अरोरा, महामंत्री संज्ञा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रागिनी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सविता श्रीवास्तव, सुमन, उपाध्यक्ष प्रिया गुप्ता, संगठन मंत्री गुंजन गुप्ता, सूचना मंत्री सीमा गुप्ता को शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा सामाजिक संस्थाओं में चित्रांश क्लब की अपनी एक विशिष्ट पहचान है। उन्होने यह भी कहा कि समाजसेवा का क्षेत्र बहुत व्यापक है।



चित्रांश क्लब को समाजसेवा का दायरा बढ़ाना होगा। जनपद को चित्रांश क्लब से काफी उम्मीदें हैं।उन्होने कहा क्लब पदाधिकारियों को नये सत्र की शुरूआत में ही पूरे वर्ष के क्रिकलापों की रूपरेखा तय कर लेनी चाहिये और समय समय पर उन पर कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिये। उन्होने नये पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया। चित्रांश क्लब महिला विंग की संस्थापिका रेखा चित्रगुप्त, संरक्षिका संध्या दीक्षित, प्रतिमा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव ने क्लब के क्रियाकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि समाजसेवा का क्षेत्र बेहद चुनौतीपूर्ण है। एक सामाजिक कार्यकर्ता को परिवार से लेकर समाज तक सभी से सामंजस्य बनाकर लक्ष्य के लिये आगे बढना होता है।शपथग्रहण समारोह को राजमाता आसिमा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, अंकुर वर्मा, डा. अर्चना, पूजा पाण्डेय, मयंक श्रीवास्तव, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, अशोक श्रीवास्तव, शेषनरायन गुप्ता, प्रकाश मोहन श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, आदर्श कुमार श्रीवास्तव आदि ने क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि कहा कि क्लब ने अपने कार्यो से पहचान बनाया है। । कार्यक्रम का संचालन अर्चना श्रीवास्तव ने किया। संस्थापक राजेश चित्रगुप्त ने सभी के प्रति आभार जताया।शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से जी रहमान, अतुल चित्रगुप्त, उदयशंकर श्रीवास्तव, अजय गोपाल श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, मो. इसमाइल, किरन पाण्डेय, अपराजिता सिन्हा, नम्रता श्रीवास्तव, प्रसून, रामानन्द नन्हे, सर्वेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सुधीर सिंह बब्बू सिंह, अष्टभुजा श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, मीनू श्रीवास्तव, दद्दुल श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, राजेश कैटर्स, जितेन्द्र, प्रतिभा, रीना सिंह, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, रूमी बाधवा, प्रीती बाला श्रीवास्तव, संध्या अग्रहरि, आदित्य श्रीवास्तव, दीपू श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव, कविता गुप्ता, पूजा पाण्डेय, प्रज्ञा श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, विन्दू चौधरी, अनूप कुमार चौधरी, राधा गुप्ता के साथ चित्रांश क्लब महिला विंग कार्यकारिणी के सदस्य और बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हिंदू नव वर्ष पर सनातन दीप महोत्सव, जागरण व विशाल भंडारे का होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर



पर बढ़नीचाफा नगर पंचायत क्षेत्र के बलुआ समय माता स्थान पर 19 मार्च को सनातन दीप महोत्सव, देवी जागरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।रविवार को नगर पंचायत चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने भवानीगंज थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, कर्मयोगी परिवार के सदस्यों और आयोजन समिति के लोगों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, प्रसाद वितरण, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने समर्थकों के साथ बलुआ समय माता स्थान पर पूजन–अर्चन भी किया और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।उन्होंने बताया कि चैत्र प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर धर्म रक्षा मंच व कर्म योगी परिवार के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रात में लगभग 25 हजार दीप प्रज्वलित कर भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिसके बाद देवी जागरण का आयोजन होगा। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक धर्मेंद्र पंडित भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे।कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे व फलाहार की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी सनातन धर्मावलंबियों से कार्यक्रम में शामिल होकर धार्मिक आयोजन का लाभ उठाने का आह्वान किया है।इस अवसर पर मंटू पांडेय, राजू वर्मा, कुंवर साहब उपाध्याय, जुग्गीलाल पासवान, प्रमोद गौतम, अजय वर्मा, बसंत गुप्ता, विनोद वर्मा, चंद्रपाल, झिनकन गौतम, दुर्गेश दुबे, गुड्डू वर्मा, कमलेश चौहान, गुरमिलन प्रजापति, सुभाष यादव, संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बेहतर शिक्षा इंदिरा पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल का संकल्प–अवधेश लसह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती।अवध नगर डमरूआ





स्थित इंदिरा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अवधेश सिंह एवं प्रधानाचार्य इंदु सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और ˙ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। सरस्वती वंदना अर्पित, लघिमा, रिया, खुशी, महिमा, शालू और अन्विका ने प्रस्तुत किया। प्रतिभा, मुस्कान, अंशिका और तनु ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। नर्सरी के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने "मुझे माफ करना ओम साईं राम" गीत पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर अभिभावक भावुक हो उठे। वहीं यूकेजी के बच्चों ने भी आकर्षक नृत्य और गीतों के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया।वार्षिकोत्सव के दौरान छात्रों ने नाटक, देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, योगा प्रदर्शन, कवि सम्मेलन, फनी डांस, पंजाबी गीत, .ष्ण भक्ति गीत तथा विभिन्न सांस्.तिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के प्रबंधक अवधेश सिंह ने कहा कि विद्यालय में हर वर्ष वार्षिक उत्सव का आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से किया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी हुई कला और आत्मविश्वास सामने आता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा के साथ–साथ सांस्.तिक और नैतिक शिक्षा भी मिले।उन्होंने बताया कि विद्यालय में एलकेजी से इंटर तक मात्र 1000 के प्रवेश शुल्क में कोई भी अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला 31 मार्च तक करा सकता है। विद्यालय का उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी अच्छी शिक्षा से वंचित न रहें और उन्हें बेहतर भविष्य बनाने का अवसर मिले। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए हर वर्ष पांच ऐसी बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करता है, जिनके माता या पिता में से किसी एक का निधन हो चुका होता है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ना समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण दायित्व है।उन्होंने बताया कि विद्यालय पिछले 32 वर्षों से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सेवा देते हुए कम खर्च में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।प्रधानाचार्य इंदु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद और सांस्.तिक गतिविधियां भी बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राहुल सिंह, लवकुश यादव, बब्बू नंदन, अभिषेक यादव, सोनम चौधरी, सुनीता पाण्डेय, किरन यादव, सिया, प्रियांशी और दिलीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांशीराम जयन्ती पर बसपा ने कराया ताकत का अहसास– लवकुश पटेल



दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लवकुश पटेल उर्फ रिकूं चौधरी ने बताया कि कांशीराम की जयन्ती पर बस्ती से हजारों की संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सर्व समाज के लोगों ने लखनऊ पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराया।लवकुश पटेल ने कहा कि जिस एकजुटता से लोग लखनऊ पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती को सुना उससे तय है कि पार्टी आगामी विधानसभा के चुनाव में निर्णायक जीत हासिल कर सरकार बनायेगी। कहा कि लोगों में इतना उत्साह था कि लोग बस, ट्रेन और निजी साधनों से पहुंचे और रेकार्ड बनाया। लवकुश पटेल ने कहा कि अपनी प्रगतिशील सोच से कांशीराम ने समाज को नई दिशा दी। उनकी मंशा के अनुसार बहुजन समाज को संगठित होने की जरूरत है। यदि हम संगठित होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई नहीं लड़े और तानाशाह भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल नहीं किया तो न हमारे हक– अधिकार बचेंगे न संविधान और लोकतंत्र। कहा कि यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

# ईद से पहले डॉ. इसराईल हनीफ की अपील, रोजेदार रखें सेहत का खास ख्याल

## माहे रमजान के अंतिम सप्ताह में खानपान में बरतें सावधानी, नेशनल हेल्थ सेंटर में आयुष्मान कार्ड से भी हो रहा इलाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। माहे रमजान के अंतिम दिनों में रोजेदारों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसी को लेकर बस्ती के स्टेशन रोड स्थित नेशनल हेल्थ सेंटर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. मोहम्मद इसराईल हनीफ ने जनपदवासियों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए रोजा रखने वाले लोगों से सेहत के प्रति सतर्क रहने की अपील की है।डॉ. इसराईल हनीफ ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना अपने अंतिम सप्ताह में है और जल्द ही ईद का पर्व आने वाला है। ऐसे में रोजेदारों को खानपान और दिनचर्या को लेकर विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजा रखने के दौरान शरीर लंबे समय तक भूखा और प्यासा रहता है, इसलिए इतार और सहरी के



समय संतुलित और हल्का भोजन लेना बहुत जरूरी है।उन्होंने रोजेदारों से अपील करते हुए कहा कि इतार और सहरी के दौरान अत्यधिक तली–भुनी और मसालेदार चीजों के सेवन से बचना चाहिए। अधिक तेल और मसाले वाले भोजन से पेट से जुड़ी समस्याएं, गैस, एसिडिटी और अन्य स्वास्थ्य परेशानियां हो सकती हैं। इसके बजाय फल, सलाद, दाल, हरी सब्जियां और हल्का पौष्टिक भोजन लेना शरीर के लिए अधिक लाभदायक होता है।डॉ. हनीफ ने बताया कि रमजान के दौरान शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी बेहद जरूरी है। इतार से लेकर सहरी तक के समय में धीरे–धीरे पर्याप्त पानी पीना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। इसके अलावा रोजेदारों को जरूरत से ज्यादा भोजन करने से भी बचना चाहिए, क्योंकि अधिक भोजन करने से पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।उन्होंने कहा कि कई बार रोजा रखने के दौरान लोगों को चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना या थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में लापरवाही करना ठीक नहीं है। यदि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी महसूस हो तो तुरंत किसी प्रशिक्षित चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित इलाज कराना चाहिए। समय पर उपचार मिलने से गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।डॉ. इसराईल हनीफ ने यह भी बताया कि स्टेशन रोड स्थित नेशनल हेल्थ सेंटर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीजों के इलाज के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल में ऑर्थो, यूरो, गायनो, न्यूरो सहित विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी चिकित्सक और सर्जन अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यहां मरीजों को बेहतर इलाज के साथ–साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह भी उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। इसके अलावा अस्पताल में सभी प्रकार की आवश्यक जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर जांच और इलाज दोनों की सुविधा मिल जाती है।अंत में डॉ. इसराईल हनीफ ने सभी जनपदवासियों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली, भाईचारा और स्वास्थ्य लेकर आए। उन्होंने लोगों से अपील की कि रमजान के अंतिम दिनों में अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से इस पवित्र महीने की इबादत पूरी करें।

# मोहम्मदपुर गढ़वाल गौशाला का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण,अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के विकासखण्ड करनैलगंज की ग्राम पंचायत



पाल्हापुर में "पंचायत उत्सव भवन" के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के संपन्न होने के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन द्वारा ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर गढ़वाल में संचालित गौशाला में पानी,भूसा,हरा चारा आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गौशाला में नियमित रूप से पानी,भूसा एवं चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।निरीक्षण के दौरान गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए पाए गए, जो क्रियाशील अवस्था में थे।इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों की सभी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें तथा निरीक्षण आख्या तैयार कर उसकी प्रगति के साथ आगामी आयोजित होने वाली बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों व विद्युत आपूत को लेकर समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर, 15 मार्च 2026।जनपद में विकास कार्यों की प्रगति तथा ग्रीष्म ऋतु में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक




की अध्यक्षता सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने की। इस दौरान विधायक माता प्रसाद पाण्डेय, जय प्रताप सिंह, विनय वर्मा, सैय्यदा खातून तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह मौजूद रहे।बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत बस्ती मंडल ने सांसद व विधायकों का स्वागत किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने बताया कि ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने वर्ष 2024–25 के सभी कार्य 30 अप्रैल 2026 तक तथा वर्ष 2025–26 के बिजनेस प्लान के कार्य 30 मई 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।सांसद ने बांसी के खेसरहा, इटवा के लोटा–खुनियांव, शोहरतगढ़ के कठेला तथा कपिलवस्तु के सोहांस खास में नए सबस्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही भवानीगंज में सड़क पर लगे ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर शिट करने को कहा।उन्होंने निर्देश दिया कि सांसद एवं विधायक द्वारा दिए गए प्रस्तावों को बिजनेस प्लान में शामिल किया जाए तथा सांसद निधि और विधायक निधि से स्वी.त कार्यों की टेंडर प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी कर समयबद्ध ढंग से कार्य कराए जाएं। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तारों को बदलने व ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि जनपद में अब तक 1. 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। सांसद ने निर्देश दिया कि जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं वहां 30 प्रतिशत जर्जर तार भी बदले जाएं तथा अधिकारियों द्वारा रैंडम जांच की जाए। इसके साथ ही विद्युत आपूर्ति का स्पष्ट शेड्यूल जारी करने के भी निर्देश दिए गए।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, विधायक कपिलवस्तु प्रतिनिधि नितेश पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता अजय कुमार, अधिशासी अभियंता ज्ञानप्रकाश सहित सभी एसडीओ, जेई व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छापेमारी कर एक घर से बरामद किये 14 घरेलू गैस सिलेंडर, मुकदमा दर्ज

## पूर्ति अधिकारी ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ ढेबरुआ थाने में दर्ज कराया मुकदमा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। डीएम के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तहसील शोहरतगढ़ के विकासखंड बढ़नी क्षेत्र में प्रशासन और



पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक घर से 14 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। मामले में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रत्नेश मिश्र और पूर्ति निरीक्षक राणा प्रताप सिंह को ग्राम टीकम में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ मिलकर अनिल कुमार यादव पुत्र अदिका प्रसाद के घर पर औचक छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर के अंदर से 14 रसोई गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिनके संबंध में कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। अधिकारियों ने सभी सिलेंडरों को तत्काल जब्त कर नजदीकी गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिया। जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि डीएम की अनुमति प्राप्त करने के बाद आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ ढेबरुआ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन करने वाले और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बढ़नी तिराहे पर मणेन्द्र मिश्रा ने कराया रोजा इतार पार्टी

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।




शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बढ़नी तिराहे पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा की ओर से रविवार को रोजा इतार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, रोजेदार आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।इस अवसर पर मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि सिद्धार्थनगर तथागत बुद्ध की भूमि है और यहां से पूरी दुनिया में शांति, मानवता और सामाजिक सौहार्द का संदेश जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में इतार का आयोजन इसी भावना को मजबूत करने की एक पहल है।कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने लोगों से अमन–चैन और भाईचारे के साथ रहने तथा एक–दूसरे की मदद करने की अपील की। वहीं पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने कहा कि भारत की परंपरा सर्वधर्म समभाव की रही है और इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए देश में अमन–चैन और खुशहाली की दुआ की।इतार पार्टी में पूर्व विधायक अनिल सिंह, प्रदेश सचिव अजय चौधरी, विधायक प्रतिनिधि डुमरियागंज जहीर मलिक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुरलीधर मिश्रा, डॉ. सरफराज अंसारी, जयकरन गौतम, प्रदेश सचिव राम मिलन भारती, जिला महासचिव कमरुज्जमा, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक शकील शाह, जिला सचिव हरिराम यादव, प्रदेश सचिव जावेद खान, मसूद खान, डॉ. शराफुद्दीन, इतिखार मैनेजर, पूर्व चेयरमैन निसार बागी, पूर्व प्रमुख जाकिर हुसैन, डॉ. इस्तहाक, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक इब्राहिम बाबा, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ गोपाल फौजी, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा अजय चौरसिया, जोन प्रभारी राकेश दूबे, अकील अहमद उर्फ मुन्नू, सभासद निजाम व निसार, सेक्टर प्रभारी हरिनाथ यादव व शफात, विधानसभा अध्यक्ष इटवा बबलू खान, ब्लॉक अध्यक्ष इटवा सुनील यादव, मुस्तफा, जहीर नेता, प्रधान गयासुद्दीन, सोनू यादव, राकेश कुमार, मुजम्मिल प्रधान, सईद आलम, शादाब, इरशाद, शफीक, वाहिद, डॉ. मोईन, मारूफ खान, मतलूब खान, अब्दुल मन्नान, जलाल, फैजान, करतब यादव, डॉ. खालिद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा तालकुण्डा का सामुदायिक शौचालय, खुलें में शौच करने को मजबूर ग्रामवासी

दैनिक बुद्ध का संदेश
बढ़नी / सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है, जिसमें बढ़नी ब्लाक के करीब 77 ग्राम पंचायत भी शामिल हैं। जबकि सही तरीके से सामुदायिक शौचालयों की जांच की जाये, तो बहुत ऐसे शौचालय हैं जहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है या फिर हमेशा ताले लटकते रहते हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत तालकुण्डा गांव का बताया जा रहा है। जहां ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त करने के लिए बना सामुदायिक शौचालय बदहाल हैं। लाखों खर्च करने के बाद भी स्थिति बदहाल नजर आ रहा हैं। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह शौचालय काफी दिनों से बदहाल पड़ा हुआ है और यहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। नल और पानी की टंकी टूटा–फूटा पड़ा हुआ है और मल–मूत्र वाला गड्ढा ध्वस्त पड़ा हुआ है। वहीं बगल में आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक विद्यालय के पास बने शौचालय व दिव्यांग शौचालय की स्थिति भी खराब है। मल–मूत्र वाला गड्ढा व पानी की कोई व्यवस्था नही है। उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं और जिम्मेदार अधिकारी भी इस मामले पर मौन धारण किये हुए हैं। गांवों को खुले में शौच मुक्त कराने के उद्देश्य से सरकार ने सामुदायिक शौचालयों पर लाखों रुपये खर्च किये हैं। किन्तु पंचायतों में सब कुछ इसके विपरीत ही दिख रहा है। लाखों की लागत से बने शौचालय निष्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं। यहां लगा देसी नल पिछले कई वर्षों से खराब पड़ा है। पानी की व्यवस्था न होने से ग्रामीण शौच के लिए नहीं आते हैं। शौचालय के बाहर चारों तरफ गन्दगी फैली रहती है और यहां बना शौचालय अव्यवस्था का शिकार है। नल खराब और व्यवस्था ध्वस्त नजर आ रहा है। गांव में जगह–जगह गन्दगी का अंबार लगा हुआ है, जबकि स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शौचालय संचालन की मांग किया है।



# खिचड़ी का प्रसाद हुआ वितरित

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय स्थित बाल शिक्षा सदन बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तर प्रदेश की सिद्धार्थनगर इकाई द्वारा मासिक बैठक में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रदेश मंत्री / जिला संयोजक शम्भू नाथ गुप्ता (गुरूजी) ने किया। इसके पहले अतिथियों ने माँ कर्मा देवी के चित्र पर पुष्पार्चन कर पूजा अर्चना किया गया।इस अवसर पर शम्भूनाथ गुप्ता, लक्ष्मण गुप्त, राजेश कुमार साहू, युगुल किशोर गुप्ता सहित कई वक्ताओं ने मां कर्मा देवी के जीवन में किये गए सामाजिक संघर्षों के बारे में विस्तृत चर्चा किया।इसके अलावा भगवान जगन्नाथ जी को खिचड़ी माँ कर्मा देवी द्वारा खिलाया जाता था।इस बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया। लोगों ने उनके आदर्शों से प्रेरणा ली। लोगों ने प्रसाद के रुप में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शंभू नाथ गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष शुभम गुप्ता,सह जिला संयोजक युगुल किशोर, संरक्षक राधेश्याम, सूरज, उमेश,अशोक,सपा नेता राजेश कुमार साहू, सेवानिवृत्त बैंक कर्मी राम सेवक, मनोज, जयप्रकाश,राम अदालत,युवा नेता लक्ष्मण, रविन्द्र, महेश, भीष्म पितामह,मनोज, श्रीमती सत्यभामा,सोनू, अध्यापक राकेश सहित साहू समाज के भारी संख्या में लोगों ने माँ कर्मादेवी जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया।




# महिला पुलिस टीम ने 06 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ किया विदा

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में रविवार को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में 06 परिवारों को एक साथ विदा किया गया। निम्न 06 परिवारों को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय व काउंसलिंग टीम महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम, महिला आरक्षी शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान 06 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करने में जरीना खातून पत्नी वकील निवासी चारियनवा थाना और जनपद सिद्धार्थनगर, नेहा पत्नी अर्जुन निवासी महादेवा लाला थाना उसका बाजार,ललिता पत्नी शिवा निवासी बैजनाथपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर, सरिता पत्नी राजमन निवासी डिडई थाना शिव नगर डिडई, हसीना पत्नी मतीउल्लाह निवासी रतनपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर, अंजलि पत्नी महेश निवासी .ष्णा नगर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर थीं।




# जिलाधिकारी ने उत्तमा गैस सर्विस का किया निरीक्षण, पारदर्शी व सुरक्षित गैस वितरण के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर।जनपद में आमजन को गैस आपूर्ति की व्यवस्था



को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने नौगढ़ स्थित उत्तमा गैस सर्विस का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी की व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने गैस सिलेंडरों के भंडारण स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता की भी जांच की।जिलाधिकारी ने एजेंसी में उपभोक्ताओं के लिए प्रतीक्षालय, पेयजल, शिकायत पंजी व वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा किसी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।उन्होंने गैस वितरण से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की और बुकिंग, डिलीवरी व स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं की जानकारी भी ली।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

# हर्षोल्लास के साथ निकली भव्य निशान व पालकी शोभायात्रा, भक्ति के रंग में सराबोर दिखे श्याम भक्त

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में रविवार को श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान एवं पालकी शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ निकाली गई। सुबह लगभग 9 बजे स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद यात्रा का शुभारम्भ हुआ। शोभायात्रा श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारम्भ होकर भारत माता चौक और पुलिस चौकी होते हुए राजस्थान अतिथि भवन तक पहुंची। यात्रा के दौरान भजन–कीर्तन, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा नगर श्याममय हो गया। इस दौरान निकाली गई आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। सांसद जगदम्बिका पाल ने बाबा श्री खाटू श्याम से क्षेत्र की सुख–समृद्धि, खुशहाली और निरन्तर प्रगति की मंगलकामना की तथा आयोजन समिति और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के रवि अग्रवाल और सतीश कुमार मित्तल ने बताया कि शाम को स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जायेगा, जिसमें भजन–कीर्तन का आयोजन होगा।कार्यक्रम में मुम्बई से नमृता कारवा, गोरखपुर से राज पाण्डेय, गोण्डा से पंकज निगम, बहराइच से कुमार वैभव और कोलकाता से आये कलाकारों द्वारा नृत्य–नाटिका व झांकी की विशेष प्रस्तुति दी जायेगी। शोभायात्रा में सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक विनय वर्मा, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, नन्दू गौड़, रिक्की अग्रहरि, सुशांशु बोरा (टिम्मू), राजेन्द्र पाण्डेय, टिल्लू शर्मा, परमात्मा शुक्ला, नीरज पोद्दार, मुकेश पोद्दार, विष्णु बुबना, सोनू बबूना, सौरभ बोरा, सुनील शर्मा, कन्हैया मित्तल, मयंक पोद्दार, चंचल मित्तल, अमित दालान, विकास अग्रवाल, अमित परशुरामका, गोलू दालान, सर्वेश खेतान, अमित अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, शिवा तिवारी, राजकुमार मोदनवाल, अनूप कसौधन, सन्तोष पोद्दार, बीएन तिवारी, बबलू गौड़, मनोज बाबा, महेश कसौधन, अनिल अग्रहरि, मन्टू जायसवाल, आशीष शुक्ला, मनोज पोद्दार, अशोक बोरा, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, वीरेन्द्र गौड़, पूजा पोद्दार, सुमन, अग्रवाल, पार्वती पोद्दार, पूजा पोद्दार, अमृता पोद्दार, चारु रुंगटा, विमलेश तुलस्यान, अलका अग्रवाल, रिया बोरा, रंजना मित्तल, मीना बूबना, स्वाति पोद्दार सहित बड़ी संख्या में श्याम श्रद्धालु उपस्थित रहे। तो वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह अपने पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।




# तेज रतार गाड़ी ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, महिला समेत दो घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश
जोगिया / सिद्धार्थनगर ।जनपद सिद्धार्थनगर में तेज रतार का कहर लगातार जारी है। वहीं बांसी से नौगढ़ की तरफ जा रहे एक मोटरसाइकिल सवार को नौगढ़ की ओर से आ रही काले रंग की ने उल्टी साइड से आकर जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर के बाद कार तो पलट ही गई लेकिन टक्कर में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरन्त अस्पताल भेजवाया। हादसे में मोटरसाइकिल चालक और एक महिला गम्भीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त सड़क हादसा जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के फजियतवा पुल और सूपा राजा के बीच पेट्रोल पम्प के पास हुआ। वहीं प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक तेज रतार और गलत साइड से आना हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# तेज रतार एक्सयूवी की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश
जोगिया / सिद्धार्थनगर ।जोगिया कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सूपा राजा के पास रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति–पत्नी की मौत हो गई। तेज रतार एक्सयूवी कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी ।हादसे में बाइक चला रहे महेन्द्र मिश्रा (45) पुत्र चन्द्रभान मिश्रा निवासी भावपुर थाना बांसी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सरिता देवी (40) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।घटना की सूचना मिलते ही जोगिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस से माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।बताया जा रहा है कि दंपती बाइक से अपने गांव भावपुर से कटया दुबे स्थित घर जा रहे थे, तभी नौगढ़ की ओर से आ रही तेज रतार एक्सयूवी ने टक्कर मार दी ।मृतक दंपती का एक पुत्र है, जो पढ़ाई कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। पति–पत्नी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया ।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# तहसीलदार ने कोटेदार द्वारा सरकारी गल्ला बेचने हेतु झरुआ मोड़ पर पकड़ा

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।तहसीलदार शोहरतगढ़ प्रकाश सिंह यादव ने शोहरतगढ़ तहसील अन्तर्गत रविवार को झरुआ मोड़ पर कोटेदार हलौरा द्वारा सरकारी गल्ला बेचने हेतु रंगे हाथों टैम्पों सहित मौके पर पकड़ा है। मौके से 05 कुन्तल सरकारी खाद्यान्न आढ़ती के यहां बेचने जाते हुआ बरामद किया। तहसीलदार ने टैम्पों को पुलिस के हवाले कर जिला पूर्ति अधिकारी को कार्रवाई के लिए सूचित किया है। शोहरतगढ़ के झरुआ मोड़ पर सरकारी गल्ले से भरा टैम्पों बेचने हेतु ले जाने के दौरान तहसीलदार ने बरामद की। तहसीलदार ने टैम्पों को थाने में खड़ा करने के बाद पूर्ति विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये है। वहीं शोहरतगढ़ के एक गल्ला आढ़ती के यहां सरकारी खाद्यान्न होने की सूचना पर तहसीलदार ने टीम के साथ झरुआ मोड़ पर जाकर बरामद किया। पकड़े गये सरकारी खाद्यान्न में करीब 05 कुन्तल बरामद कर सील कर दिया है। आगे की जांच पूर्ति विभाग को सौंपी है। हालांकि इस बरामदगी अभियान से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया है।तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत हलौरा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान कोटेदार के नाम है। इस सम्बन्ध में तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव ने बताया कि शोहरतगढ़ वाया ढेबरुआ एनएच के झरुआ मोड़ पर सरकारी गल्ले लगभग 05 कुन्तल से भरा टैम्पों बेचने हेतु ले जाने के दौरान पकड़ा है। जिसकी कार्रवाई करते हुए सील किया गया। आगे की कार्रवाई पूर्ति विभाग को सौंपी गयी है।



# युवक पर नाबालिग से छेड़खानी करने का आरोप पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश
इटवा। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एक युवक पर नाबालिग पुत्री से छेड़खानी, मारपीट और गाली–गलौज करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला ने शनिवार को थानाध्यक्ष मिश्रौलिया को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी शमशेर (35) के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।महिला की तहरीर के अनुसार, उसकी 12 वर्षीय बेटी शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे गांव से दूर स्थित एक पुल के पास से गुजर रही थी।इसी दौरान आरोपी शमशेर साइकिल से वहां पहुंचा और बच्ची को साइकिल पर बैठने के लिए कहा। मना करने पर आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी शुरू कर दी और जबरन साइकिल पर बैठाने की कोशिश की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी ने गाली–गलौज करते हुए उसकी पिटाई भी की।थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा–2025 की प्रथम पाली की परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज, नौगढ़ तथा श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में तैनात अधिकारी–कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए तथा सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए गए।

## सम्पादकीय

**क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को भी संबोधित नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि यु) का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका यु) को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल–गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है...**

# ईरान युद्ध 'चूल्हे' तक

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंततरू कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पडना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है और 'चाहिए' शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोल और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है? ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष–प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल–गैस की सप्लाई को कौन 'तारपीडो' करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा–संकट से ही हमारी खाद्य–सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सडक पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था। वह संकट भी फर्जी था, चिंता और अफवाहें ज्यादा थीं। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को भी संबोधित नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल–गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। करीब 60 देशों में पेट्रोल–डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। बहरहाल रूस हमारे लिए चमकती हुई उम्मीद है। वह गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और कच्चे तेल का भी दूसरा सबसे बड़ा देश है। अमरीका ने रूस पर से तेल–गैस संबंधी पाबंदियां हटा ली हैं। रूस ने हमें कच्चा तेल और गैस की आपूर्ति शुरू भी कर दी है। करीब 95 लाख बैरल तेल भारतीय तट पर मौजूद है।

# भारतीय मनीषा की आत्मा हैं प्रभु श्रीराम

भारतीय मनीषा अथवा भारतीय प्रज्ञा या चेतना के केंद्र में श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक नायक नहीं, बल्कि वह आदर्श हैं जो भारत के लोक–मानस को हजारों वर्षों से जोड़े हुए हैं। जब हम कहते हैं कि श्रीराम भारतीय मनीषा की आत्मा हैं, तो इसके पीछे कुछ मूलभूत कारण हैं। दरअसल मर्यादा के उच्चतम मापदंड हैं। श्रीराम को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा जाता है। उन्होंने समाज, परिवार और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों (धर्म) को निभाने के लिए स्वयं के सुखों का त्याग किया। भारतीय चिंतन में 'अधिकारों' से ऊपर 'कर्तव्यों' को रखा गया है, और श्रीराम इसी दर्शन के जीवित प्रतीक हैं।



प्रभु श्रीराम सांस्‍तिक एकता के सूत्रधार हैं। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक, राम कथा भारत की भौगोलिक और सांस्‍तिक सीमाओं को जोड़ती है। ऋषि वाल्मीकि से लेकर तुलसीदास, कंबन (तमिल), और .त्तिवास (बंगाली) तक, हर भाषा और क्षेत्र ने राम को अपना माना है। वे वनवासी, केवट, शबरी और वानर समाज को साथ लेकर चले, जो भारतीय मनीषा की समावेशी .ष्टि को दर्शाता है।

'रामराज्य' का आदर्श देखिये। भारतीय राजनीति और समाजशास्त्र का सर्वोच्च शिखर 'रामराज्य' की परिक्ल्पना है। यह एक ऐसा शासन है जहाँ "दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि व्यापाध" अर्थातः जहाँ किसी को भी शारीरिक, मानसिक या दैवीय कष्ट न हो। यह कल्याणकारी राज्य की वह अवधारणा है जो आज भी भारतीय लोकतंत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है श्रीराम लोक–चेतना के रक्षक हैं।भारत के सामान्य जनमानस के लिए राम केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि उनके अभिवादन (राम–राम), उनके दुखों और उनके अंतिम प्रस्थान तक में रचे–बसे हैं। वे भारतीय मनीषा के उस धैर्य और संयम का प्रतिनिधित्व करते हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता। ध्यातव्य है कि श्रीराम भारतीय मनीषा की वह धुरी हैं, जिस पर भारत का नैतिक और सांस्‍तिक ढांचा टिका है। वे केवल अतीत नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के निर्माण का नैतिक आधार भी हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र, हस्तरेखा विशेषज्ञ/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# ऊर्जा संकट में फंसा देश

**दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमीन एच नासिर ने कहा कि अगर इजरायलध्अमेरिका और ईरान के बीच लड़ाई जारी रहती है तो इसका दुनिया के तेल बाजारों पर भयावह असर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। रॉयटर्स के मुताबिक नासिर ने कहा कि इस लड़ाई के कारण अब तक 180 मिलियन बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति ...**

तूफान आने पर रेत में सिर घुसाने की शुतुरमुर्गी प्रवृत्ति कितनी घातक होती है, यह बात अब शायद मोदी सरकार को समझ आ रही होगी। पिछले 12 सालों से देश को सब चंगा सी मोड में डाल कर रखा गया है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए नित नए शिगूफे छेड़ दिए जाते हैं। लेकिन न वादों से पेट भरता है, न शिगूफों से असली समस्याओं का वास्तविक हल निकलता है। इसके लिए काम करने की जरूरत पड़ती है, जो मोदी सरकार ने किया नहीं। बल्कि जो बने–बनाए काम थे, उन्हें और बिगाड़ दिया। जिसका खामियाजा अब जनता भुगत रही है। यही कारण है कि 11 दिन पहले ईरान पर किया गया हमला अब भारत की आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ईरान पर हमले और पूरे पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव के कारण ईंधन आपूर्ति में बाधा आने लगी है, जिससे भारत में एलपीजी संकट गहरा गया है। हालांकि देश को कई बड़े पत्रकार और मीडिया घराने ये बता रहे हैं कि पाकिस्तान में ऊर्जा का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है कि वहां स्कूलों, कार्यालयों में उपस्थिति 50 प्रतिशत तक घटा दी गई है, और महंगाई बढ़ने का खतरा है। लेकिन पाकिस्तान के बिगड़े हालात दिखाकर हम अपनी मुश्किल आसान नहीं कर सकते। इसलिए जो सच है, उसका सामना करना ही होगा। गनीमत है कि सरकार ने इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया है। सरकार ने देश में घरेलू कुकिंग गैस की सप्लाई



सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लागू कर दिया है। सरकारी आदेश के मुताबिक कुछ क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। इनमें घरेलू पीएनजी सप्लाई, ट्रांसपोर्ट के लिए सीएनजी, एलपीजी, पाइपलाइन कंप्रेसर फ्यूल और आवश्यक पाइपलाइन ऑपरेशनल जरूरतें शामिल हैं। केंद्र सरकार ने गैस बुकिंग का समय 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। दरअसल इससे पहले देश के कई शहरों में सिलेंडर के महंगे होने और कालाबाजारी की खबरें आने लगीं। सरकार ने तो अपनी तरफ से 60 रूपए घरेलू गैस में 115 रूपए कमर्शियल सिलेंडर में बढ़ाए हैं। लेकिन उपभोक्ताओं को इनकी कहीं ज्यादा कीमत अदा करनी पड़ रही है, जो जाहिर तौर पर कालाबाजारी में लिप्त लोगों की देन है। नैशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक सरकार ने कहा है कि रेस्टोरेंट इंडस्ट्री के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की सप्लाई पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग है। सप्लायर सप्लाई करने में असमर्थता जता रहे हैं। इससे रेस्टोरेंट इंडस्ट्री पर बुरा असर पड़ रहा है। हमारा अनुरोध है कि तत्काल हस्तक्षेप किया जाए। इस बीच बंगलुरु में एलपीजी आपूर्ति रुकने से कई रेस्तरां के बंद होने की खबर के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर होटलों और रेस्तरां के लिए पर्याप्त कमर्शियल एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने और तेल कंपनियों को आपूर्ति बाधाएं दूर करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि बीते दिन मुंबई में कमर्शियल गैस की सप्लाई रुक गई है। कोलकाता में गैस स्टेशनों के बाहर सीएनजी गाड़ियों की लंबी कतारें दिख रही हैं, दिल्ली, नोएडा समेत कई शहरों में घरेलू उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर खरीदने में दिक्कत हो रही है, पुणे में गैस सिलेंडर से चलने वाले शवदाह गृह फिलहाल बंद किए गए हैं, जबकि बेंगलुरु में होटलों के बंद होने की आशंका है। यह सब विशाल हिमखंड की केवल ऊपरी परत है, भीतर–भीतर और कितनी आपाधापी मच सकती है, इसका अनुमान शायद सरकार को नहीं है, या वह देखना ही नहीं चाहती। क्योंकि कालाबाजारी केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी, इसका दायरा बढ़ेगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी और आमदनी कम होने से खर्च पूरे करने के लिए अनैतिक रास्तों को अपनाने के बहाने लोगों को मिलेंगे। कम शब्दों में कहें तो देश में भ्रष्टाचार और अपराध दोनों के बढ़ने की आशंका है, क्योंकि यह सारी व्यवस्था एक कड़ी से दूसरी कड़ी को जोड़ती है। इसलिए जितने जल्दी समस्या को स्वीकार किया जाए और समाधान निकालने की तरफ बढ़ा जाए, उतना बेहतर। वैसे मंगलवार को संसद में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात तो की है, लेकिन यह किस बारे में थी, इसका खुलासा नहीं हुआ है। मुमकिन है सरकार ईरान युद्ध के बीच खड़े हुए तेल संकट के बारे में ही आपस में चर्चा कर रही हो। हालांकि विपक्ष ने सोमवार को भी इस तरफ से सरकार को आगाह किया था और सदन में चर्चा की मांग की थी, मगर सरकार तैयार नहीं हुई। लेकिन अब सरकार ने एस्मा लागू किया है तो देखना होगा कि इससे कितनी राहत मिलती है। इधर दुनिया के दूसरे हिस्सों पर भी तेल आपूर्ति रुकने का असर दिखने लगा है।


**यु) लंबा चला और खाड़ी देशों से भारतीय वापस लौटे तो यहां उनके रोजगार की व्यवस्था कैसे होगी। ऐसे कई वास्तविक सवाल हैं, जिनकी चर्चा सदन में शांति से होती तो जनता को भी आश्वस्ति मिलती। लेकिन प्रधानमंत्री सदन में आए नहीं और विदेश मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। अगर ऐसा है तो कम से कम यही बता देते कि करीब की नजर में उन्हें क्या दिखा ...**

# संसद के दूसरे चरण में सरकार की मुश्किल

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरु हुआ और पहले दिन ही मोदी सरकार विपक्ष के सवालों से बुरी तरह घिर गई। इस बात का अनुमान पहले से था कि सत्र के पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी सरकार को कठिन सवालों का सामना करना पड़ेगा और यह अंदाज भी था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर खुद सामने न आकर अपने मंत्रियों को आगे करेंगे। ऐसा ही हुआ भी। सोमवार को संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान में चल रहे युद्ध और इस वजह से मध्यपूर्व में आए अभूतपूर्व संकट पर बयान दिए। लेकिन इस बयान में एक चयनित रूझान दिखा। सरकार ने केवल उन्हीं मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिसमें उसे सुविधा हो, और असुविधाजनक बातों को बड़ी चतुराई से किनारे कर दिया गया। जैसे हजारों बरसों से जिस ईरान के साथ भारत के संबंध रहे हैं, उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर संवेदना का एक लफ्ज सरकार ने सदन में नहीं कहा, हालांकि खामेनेई की मौत के छह दिन बाद जाकर विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास में शोक संदेश लिखा। ईरान पर हमले की निंदा भारत सरकार ने नहीं की। हिंद महासागर में जिस ईरानी युद्धपोत पर हमला कर अमेरिका ने सौ से ज्यादा नौसैनिकों की जान ले ली, उस पर भी भारत सरकार ने ऐतराज नहीं जताया, जबकि ये नौसैनिक भारत के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास से लौट रहे थे। अमेरिका और इजरायल ने भारतीय मेहमानों की जान ली और मोदी सरकार इस पर भी चुप रही, इससे ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती।



कायदे से सरकार को ईरान युद्ध और उसके प्रभाव की पूरी तस्वीर संसद में पेश करनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने आधी–अधूरी बात की और उस पर तुर्रा यह कि विपक्ष सवाल पूछे तो उसे गैरजिम्मेदाराना कहा जाए। बता दें कि विपक्ष ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में युद्ध और उसके समेकित प्रभाव से जुड़े सवाल सरकार से पूछने की मांग की, मगर इस मांग को लगातार नकारा गया, नतीजा यह हुआ कि राज्यसभा से विपक्ष ने बहिर्गमन किया। इसके लिए भी सरकार ने विपक्ष को ही दोषी ठहराया। इससे पहले जब राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी बात रखी तो सत्ता पक्ष की तरफ से लगातार हल्ला किया गया। हालांकि फिर भी खड़गे जी ने मांग रखी कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर उभरती चुनौतियों पर अल्पकालिक चर्चा हो। उन्होंने कहा, श्यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं हैय इसने अब भारत की ऊर्जा सुरक्षा और देश की छवि को प्रभावित किया है। इस संघर्ष के परिणाम हमारी आर्थिक स्थिरता पर भी असर डालेंगे।श उन्होंने खाना बनाने के गैस की कीमतों में वृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर प्रभाव का जिक्र किया। यही बातें लोकसभा में भी विपक्ष उठाना चाह रहा था लेकिन उसे अनुमति नहीं मिली। जबकि यह हकीकत है कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका का हमला और उस पर ईरान के पलटवार का खामियाजा केवल खाड़ी देश ही नहीं भारत भी उठा रहा है। इस इलाके में कम से कम एक करोड़ भारतीय रहते हैं, जिसमें अभी 67 हजार ही वापस आए हैं। बेशक भारत सरकार ने इनके लिए एडवायजरी जारी की है और इन्हें सुरक्षित मार्ग से वापस लाने पर मंथन हो रहा है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि उन्हें पहले से क्यों नहीं निकाला जा सका। क्यों हमारी खुफिया एजेंसियों को यह भनक नहीं लगी कि इजरायल और अमेरिका ऐसा कोई हमला बोलने जा रहे हैं। यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि ईरान पर हमले से केवल दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी इजरायल में थे। ऐसे में खुफिया एजेंसियों को और सतर्क होकर काम करना चाहिए था। लेकिन पुलवामा और पहलगाम की तरह यह भी बड़ी खुफिया नाकामी है। भारत के लिए परेशानी की बात यह भी है कि ईरान युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर ईंधन का जो संकट खड़ा हुआ है, उससे सरकार कैसे निपटेगी, इसका जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। सोमवार को ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें एक ही दिन में 25 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 115–118 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं। इसे हाल के वर्षों में सबसे बड़ी दैनिक बढ़ोतरी में से एक माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि युद्ध लंबा चला तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक भी पहुंच सकती हैं। इस बीच डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया भी कमजोर होकर करीब 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक फिसल गया है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार कच्चे तेल की कीमत में हर एक डॉलर की बढ़ोतरी से भारत का वार्षिक आयात बिल लगभग 1.5 से 2 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। अगर कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं तो इसका सीधा असर देश के व्यापार घाटे और चालू खाते के घाटे पर पड़ सकता है। तेल की कीमतों में तेज उछाल और वैश्विक अनिश्चितता का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखा गया। निवेशकों की चिंता के कारण बाजार में तेज बिकवाली हुई और प्रमुख सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई। विशेष रूप से एयरलाइन, परिवहन, केमिकल और लॉजिस्टिक्स कंपनियों के शेयरों पर अधिक दबाव देखा गया, क्योंकि इन क्षेत्रों की लागत का बड़ा हिस्सा ईंधन पर निर्भर होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मध्य–पूर्व का संकट लंबे समय तक बना रहता है तो भारत सरकार को महंगाई और रुपये को स्थिर रखने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने पड़ सकते हैं। इसमें रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग, सस्ते स्रोतों से आयात बढ़ाना और आर्थिक नीतिगत हस्तक्षेप शामिल हो सकते हैं। सरकार इनमें से कौन सा कदम उठाएगी, यह पता नहीं। एक बड़ी समस्या यह भी है कि महंगाई के साथ–साथ बेरोजगारी भी बढ़ने की आशंका है।



# टी20 विश्व कप के हीरो संजू सैमसन का होगा शाही सम्मान, केरल सरकार आधिकारिक रूप से सम्मानित करेगी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले संजू सैमसन का केरल सरकार भव्य नागरिक अभिनंदन करने जा रही है। सोमवार को राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में एक आधिकारिक समारोह आयोजित किया जाएगा।

राज्य के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने एक बयान में बताया कि यह सम्मान समारोह सेंट्रल स्टेडियम में शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। बयान में बताया गया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन इस समारोह का उद्घाटन करेंगे



तथा खेल मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इसमें शामिल होंगे।

तटीय कस्बे विझिंजम के रहने वाले सैमसन ने शानदार बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट में भारत की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बयान में कहा गया कि यह विश्व कप केरल के इस क्रिकेटर के लिए प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट के बाद जोरदार वापसी का भी प्रतीक रहा। इसमें कहा गया कि खेल विभाग ने उन्हें सम्मानित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

संजू सैमसनः संघर्ष से शिखर तक का सफर

यह सम्मान समारोह संजू की उस मेहनत और अटूट विश्वास का प्रमाण है, जिसके दम पर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की की। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि संजू की यह सफलता केरल के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेगी।

# मनकामना मंदिर से लौट रहे 7 भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत, 7 अन्य घायल

नेपाल के मध्य क्षेत्र में स्थित गंडकी प्रांत से एक अत्यंत हृदयविदारक खबर सामने आई है। शनिवार को भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई, जिससे सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब तीर्थयात्री गोरखा जिले के प्रसिद्ध मनकामना मंदिर में दर्शन करने के बाद वापस लौट रहे थे। बस जैसे ही गोरखा जिले के पहाड़ी रास्ते पर पहुँची, वह अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।



गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं।जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है।

'काठमांडू पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। 'हिमालयन टाइम्स' के अनुसार, इलेक्ट्रिक बस का चालक बाल–बाल बच गया, जबकि उसका सहायक इस घटना में घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# बेंजामिन नेतन्याहू की मौत की अफवाहों पर इजरायल ने तोड़ी चुप्पी

## कहाः वह सुरक्षित है, लेकिन छठी उंगली ने बढ़ाया सस्पेंस

इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच जारी त्रिकोणीय युद्ध के बीच शनिवार को सोशल मीडिया पर उस समय हड़कंप मच गया जब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की खबरें वायरल होने लगीं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। तुर्की की श्अनादोलू एजेंसीश द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में नेतन्याहू के दफ्तर ने दो टूक कहा– ष्ये महज फेक न्यूज हैंय प्रधानमंत्री बिल्कुल ठीक हैं और अपना काम कर रहे हैं।ष्लेकिन इस स्पष्टीकरण के बावजूद इंटरनेट पर एक नई बहस छिड़ गई है, जिसके केंद्र में नेतन्याहू का हालिया वीडियो संदेश है।

इस वीडियो में वह इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दिख रहे थे। वीडियो पोस्ट होने के कुछ ही देर बाद, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि जब नेतन्याहू भाषण के दौरान कुछ देर के लिए अपना दायाँ हाथ ऊपर उठाते हैं, तो उनके हाथ में छह उंगलियाँ दिखाई देती हैं। वीडियो के लगभग 35वें सेकंड पर, छोटी उंगली के पास मांस का एक अतिरिक्त टुकड़ा दिखाई देता है, जिसे कुछ यूजर्स ने छठी उंगली मान लिया। उन्होंने इसे ष्क्लासिक एआई फिंगर ग्लिचष् बताया, जो अक्सर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनी तस्वीरों में देखने को मिलता है।

ये अटकलें तब और बढ़ गईं जब अमेरिकी कंजर्वेटिव कमेंटेटर कैंडिस ओवेन्स ने श्ग्



पर इस बारे में सवाल उठाए। उन्होंने नेतन्याहू को उनके निकनेम ष्बीबीष् से संबोधित करते हुए लिखा, ष्बीबी कहाँ हैं? उनका दफ्तर उनके फेक ।ए वीडियो क्यों जारी कर रहा है और फिर उन्हें डिलीट क्यों कर रहा है? और व्हाइट हाउस में इतनी अफरा–तफरी क्यों मची हुई है?

दूसरे यूजर्स ने वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड में दिख रही कुछ और चीजों पर भी ध्यान दिलाया। जैसे कि पर्दे हिल रहे थे, जबकि इजरायल के दो झंडे लगभग स्थिर दिखाई दे रहे थे। इससे यह शक पैदा हुआ कि शायद इस वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है।

एक यूजर ने लिखा कि पर्दा ष्पूरे वीडियो में बिल्कुल एक ही तरह से हिल रहा है, ऐसा लग रहा है जैसे यह बार–बार लूप में चल रहा हो।ष् उसने तर्क दिया कि इससे साफ जाहिर होता है कि यह वीडियो एआई की मदद से बनाया गया है। हालाँकि, कुछ यूजर्स ने इस दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा कि आजकल कई न्यूज ब्रॉडकास्ट और सरकारी वीडियो में डिजिटल या वर्चुअल बैकग्राउंड का इस्तेमाल किया जाता है, और शायद इसी वजह से वीडियो में ऐसी विसंगतियाँ दिखाई दे रही हैं।

ईरान पर हमलों के बाद तनाव बढ़ाः ये ऑनलाइन अफवाहें ऐसे समय में सामने आईं, जब इस क्षेत्र में दुश्मनी और तनाव तेजी से बढ़ रहा है। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर हवाई हमले किए थे। इस ऑपरेशन में ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खघमेनेई मारे गए थे, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक पूर्ण युद्ध छिड़ गया। इसके बाद से ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल और उसके कई पड़ोसी देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। ईरान का आरोप है कि ये पड़ोसी देश अमेरिकी सेना को अपने यहाँ पनाह दे रहे हैं।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से ऊर्जा प्रवाह बाधित

एक बड़े घटनाक्रम में, ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बंद कर दिया है, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री ऊर्जा मार्गों में से एक है। यह संकरा जलमार्ग आम तौर पर रोजाना लगभग 20 मिलियन बैरल तेल की खेप और वैश्विक लिक्विफाइड नेचुरल गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा ढोता है।

# श्रीकृष्ण और गोपियों के वृतांत सुन श्रोता गदगद

जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के कमालपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक संतोष जी महराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण और गोपियों के बीच आलौकिक निस्वार्थ प्रेम था। वासना रहित पूर्ण समर्पण के प्रेम का प्रतीक है गोपियां और कृष्ण का प्रेम। उन्होंने भगवान कृष्ण को गोकुल से विदा होकर मथुरा जाने का बृतांत बड़े ही भावपूर्ण प्रस्तुत किया। जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई। कहा कि अक्रूर जब कृष्ण और बलराम को रथ पर बैठाने लगे तो गोकुल के नर नारी,पशु पक्षी सब उदास हो गये। मानो प्रकृति की सारी हरियाली रेगिस्तान बन गई हो। नंद बाबा और माता यशोदा से विदा लेकर रथ आगे बढ़ा तो गोपिकाएं मार्ग पर लेटकर रास्ता बंद कर दिया। कहा कि हम कृष्ण के बिना जीवित नहीं रह पायेंगे। जिंदा लाश बनकर जीने से अच्छा है कि हम सभी रथ के पहिए के नीचे आकर अपने प्राण ही दे दें। भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों से फिर वापस आने का वादा किया तब उन्होंने रास्ता छोड़ा। गोपियों पेड़ों अट्टालिकाओं पहाड़ों पर चढ़ कृष्ण के जाते हुए रथ को निहारती रह गई। सागर दूबे, प्रमोद चतुर्वेदी,मुकुंदधर तिवारी, रमेश तिवारी, मायाशंकर तिवारी, विष्णु तिवारी, विरेन्द्र यादव,अजय यादव, श्रीपाल पाण्डेय,राम आनंद पांडेय आदि मौजूद रहे। आयोजक प्रधानाचार्य प्रमोद व संतोष तिवारी ने आभार प्रकट किया।

# 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण, परिजन परेशान

बाराबंकी हैदरगढ़ कस्बे में 13 साल की लड़की का अपहरण कर लिया गया है। बदमाशों ने वीडियो कॉल के जरिए बच्ची को जान से मारने की धमकी दी। कहा, पुलिस को सूचना नहीं देना। नगर पंचायत हैदरगढ़ के लिल्हौरा वार्ड निवासी नृपेन्द्र तिवारी की बेटी गुनगुन शाम करीब 5 बजे घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में अपहरणकर्ताओं ने बच्ची के पिता को फोन किया और अपहरण की पुष्टि की। उन्होंने पुलिस को सूचना देने पर बच्ची को जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने वीडियो कॉल पर बच्ची को काट डालने की धमकी भी दी है, जिससे परिवार सदमे में है। यह वारदात कोतवाली हैदरगढ़ और पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित लिल्हौरा वार्ड में हुई। बस अड्डे के पास भीड़भाड़ वाले इलाके से बच्ची का अपहरण हुआ, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। अनहोनी की आशंका के बावजूद परिजनों ने साहस दिखाते हुए हैदरगढ़ कोतवाली में तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए टीमें गठित की गई हैं। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सर्विलांस टीम की मदद से संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ट्रैक किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बच्ची को सुरक्षित छुड़ा लिया जाएगा। इस घटना के बाद से पत्रकार का परिवार गहरे सदमे और डर के साये में है।

# डोनाल्ड ट्रंप की विनाशकारी चेतावनी! बस मजे के लिए ईरान के **Kharg Island** पर फिर करेंगे हमला, वैश्विक तेल बाजार में मचा हड़कंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई चेतावनी जारी की है कि अमेरिका ईरान के तेल–समृद्ध खर्ग द्वीप पर और हमले कर सकता है। उन्होंने कहा कि हाल के हमलों में यह सुविधा पहले ही काफी हद तक नष्ट हो चुकी है, लेकिन इसे बस मजे के लिए कुछ और बार फिर से निशाना बनाया जा सकता है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का शनिवार को तीसरा हफ्ता शुरू हो गया, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर संघर्ष बढ़ने और वैश्विक तेल आपूर्ति में रुकावट आने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। **NBC** न्यूज से बात करते हुए, और जैसा कि श्द टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया है, ट्रंप ने कहा कि हाल के अमेरिकी हवाई हमलों ने ईरान के मुख्य तेल निर्यात टर्मिनल, खर्ग द्वीप के अधिकांश हिस्से को ष्पूरी तरह से तबाहष् कर दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि तेहरान संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत करने को तैयार लग रहा था, लेकिन प्रस्तावित शर्तें वाशिंगटन को मंजूर नहीं थीं। उन्होंने कहा, ष्शर्तें अभी उतनी अच्छी नहीं हैं,ष् और साथ ही जोड़ा कि ष्हम इसे बस मजे के लिए कुछ और बार निशाना बना सकते हैं।ष्

खर्ग द्वीप, जो ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित है, देश के लगभग 90ः कच्चे तेल के निर्यात को संभालता है। यह सुविधा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य (जतंपज व िभ्वतउन्र) के पास स्थित है, जिससे दुनिया की लगभग पाँचवाँ हिस्सा तेल आपूर्ति गुजरती है। वहाँ किसी भी तरह की लगातार रुकावट वैश्विक ऊर्जा की कीमतों को तेजी से बढ़ा सकती है और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव डाल सकती है।

यह ताजा चेतावनी उस घटना के बाद आई है जिसे अमेरिकी अधिकारियों ने हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक बताया था। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी सेना ने खर्ग द्वीप पर सैन्य बुनियादी



ढांचे को निशाना बनाया, लेकिन जानबूझकर प्रमुख तेल सुविधाओं को नष्ट करने से परहेज किया। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने लिखाः कुछ ही देर पहले, मेरे निर्देश पर, यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड ने मध्य पूर्व के इतिहास में सबसे शक्तिशाली बमबारी हमलों में से एक को अंजाम दिया, और ईरान के श्ताज के गहनेश कहे जाने वाले खर्ग द्वीप पर मौजूद हर सैन्य लक्ष्य को पूरी तरह से तबाह कर दिया।ष् इसके साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन ने द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे पर हमला न करके संयम दिखाया है।

ट्रंप ने कहा, सभ्यता के कारणों से, मैंने द्वीप पर मौजूद तेल बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट न करने का फैसला किया है,ष् और साथ ही चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात में बाधा डालता है, तो यह फैसला बदला भी जा सकता है। यह लड़ाई पहले ही पूरे क्षेत्र में फैल चुकी है। शनिवार को, बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के अंदर एक हेलीपैड पर एक मिसाइल गिरी, जबकि एक रोके गए ईरानी ड्रोन का मलबा फुजैराह में एक तेल सुविधा पर जा गिरा। इन घटनाओं ने खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा बुनियादी ढांचे और शिपिंग मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान की धमकीः ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकी दी है और उन पड़ोसी देशों को चेतावनी दी है जो अमेरिकी सेनाओं को अपने यहाँ पनाह दे रहे हैं, कि वे भी हमले का निशाना बन सकते हैं।

तेहरान की संयुक्त सैन्य कमान ने अमेरिका पर संयुक्त अरब अमीरात के बंदरगाहों का इस्तेमाल करके हमले करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अमेरिकी अभियानों से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। जिन जगहों का जिक्र किया गया उनमें दुबई का जेबेल अली बंदरगाह, अबू धाबी का खलीफा बंदरगाह और फुजैराह बंदरगाह शामिल थे।

हालाँकि, ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमताएँ पहले ही नष्ट हो चुकी हैं। एक और श्ट्रुथ सोशलश पोस्ट में उन्होंने लिखा, ष्कई देश, खासकर वे जो ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की कोशिश से प्रभावित हैं, अमेरिका के साथ मिलकर स्ट्रेट को खुला और सुरक्षित रखने के लिए युद्धपोत भेजेंगे।ष् उन्होंने आगे कहा, ष्इस बीच, अमेरिका तटरेखा पर जोरदार बमबारी करेगा, और लगातार ईरानी नावों और जहाजों को पानी में ही नष्ट करता रहेगा। किसी भी तरह से, हम जल्द ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला, सुरक्षित और आजाद करा लेंगे!

ट्रंप ने खाड़ी के तेल पर निर्भर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से भी इस जलमार्ग को सुरक्षित करने में मदद करने की अपील की, और लिखा, ष्दुनिया के जिन देशों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते तेल मिलता है, उन्हें इस मार्ग की देखभाल करनी चाहिए, और हम इसमें बहुत मदद करेंगे!

तनाव बढ़ने और ईरान द्वारा क्षेत्रीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकी देने के बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि खर्ग द्वीप पर और हमले या स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का कोई भी प्रयास संघर्ष को तेजी से बढ़ा सकता है और आने वाले हफ्तों में वैश्विक तेल बाजारों में गंभीर व्यवधान पैदा कर सकता है।

# संविधान के साथ सामाजिक मूल्यों की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो. अमर पाल

बाराबंकी। श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा 'एक्सपर्ट टॉक 1.0' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक्सपर्ट लीगल लुमिनरी के रूप में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो–चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी और कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय संवैधानिक दर्शन और सुशासन रहा। अपने व्याख्यान में प्रो. अमर पाल सिंह ने सुशासन की अवधारणा, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेटा–संविधान की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि संविधान के साथ–साथ सामाजिक मूल्यों, परंपराओं और संवैधानिक संस्कृति की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेंद्र सिंह बहादुर ने की, जबकि संचालन गेस्ट लेक्चर कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कमेटी सदस्य आस्था मिश्रा, आनंद कुमार और कुलदीप कुमार यादव के साथ किया।

# एलपीजी संकट से निपटने को तैयार टोरेंट गैसः पराग अग्रवाल


बाराबंकी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण एलपीजी उपलब्धता को लेकर खड़े संशय के बीच हुए सरकार ने दुकानदारों, होटलों और रेस्टोरेंट से अपील की है कि अगर उनके आसपास पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध है तो वे तुरंत उसका कनेक्शन ले लें ताकि घरेलू खाना पकाने के गैस सिलेंडरों पर दबाव कम हो सके। सरकार ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से भी पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील की। टोरेंट गैस प्रा. लि. के उपाध्यक्ष पराग अग्रवाल ने भी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि जिन घरों के आसपास पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है, उन्हें भी एलपीजी के बजाय पीएनजी अपनाना चाहिए ताकि एलपीजी सिलेंडरों पर दबाव कम हो। उन्होंने बताया कि सरकार का मानना है कि इससे एलपीजी सिलेंडरों पर दबाव कम होगा और घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके साथ ही आवासीय इकाइयों को भी सलाह दी गई है कि घर के पास पीएनजी कनेक्शन की सुविधा है तो उसे तुरंत लगवा लें। घरेलू खाना पकाने के गैस सिलेंडरों का यदि कोई संकट है और उन्हें घबराहट में बुकिंग न करने की सलाह दी। श्री अगवाल ने कहा कि टॉरेंट गैस पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का धन्यवाद देना चाहती है कि उन्होंने गैस–आधारित अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण के अनुरूप गैस के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की है।

टोरेंट गैस ने पहले ही अपने भौगोलिक क्षेत्रों में सीजीडी नेटवर्क संरचना के निर्माण में गहरा निवेश किया है और वह निरंतर सीएनजी और पीएनजी के बारे में जागरूकता फैलाने और उपभोक्ताओं को आर्थिक और पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक गैस को ईंधन के रूप में अपनाने में मदद करने के लिए काम कर रही है। श्री अग्रवाल ने बताया कि टोरेंट गैस वर्तमान में 526 सीएनजी स्टेशनों का संचालन करता है और अपने संचालन वाले 34 जिलों में 2,00,000 से अधिक घरों को पाइप्ड गैस कनेक्शन से जोड़ चुका है, जिससे अपने ग्राहकों के लिए जीवन आसान और सुविधाजनक बन रहा है।

# हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आई अंतिम संस्कार को जा रही बस, बुजुर्ग की मौत व तीन झुलसे

### घटना में मृतक के परिजनों को 5 लाख तथा घायलों को 2-2 लाख रुपये का मुआवजा देगा विद्युत विभाग- विवेकानंद मिश्रा, एसडीएम शोहरतगढ़

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।चिल्हिया थाना क्षेत्र के करौंदा नानकार गांव के पास रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या जा रही एक निजी बस 11 हजार बोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलसकर घायल हो गए।जानकारी के अनुसार लखनपारा गांव निवासी रामनरेश साहनी (70) का बीती रात्रि निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार के लिए रविवार को परिजन और




ग्रामीण बस से अयोध्या जा रहे थे। बस जब करौंदा नानकार गांव के बाहर मोड़ पर पहुंची, तभी एक वाहन को साइड देने के दौरान सड़क किनारे झूल रहे हाईटेंशन तार से बस छू गई और करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से श्याम सुंदर गुप्ता (60) पुत्र सितई की मौत हो गई, जबकि बुद्धि सागर, जगदीश साहनी और राम अजोर साहनी झुलसकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही चिल्हिया थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। वहीं एसडीएम विवेकानंद मिश्र मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि घटना में मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये तथा घायलों को 1–1 लाख रुपये का मुआवजा विद्युत विभाग की ओर से दिया जाएगा।

## तारकोल के मिश्रण से उठ रही दुर्गंध, चलना दूभर

जौनपुर। मुफ्तीगंज विकास खंड के रामपुर गांव में केराकत जौनपुर मार्ग के किनारे पर ठेकेदार द्वारा अस्थाई प्लांट बैठाकर गिट्टी व तारकोल का मिश्रण करते समय उठ रहे दुर्गंध से रोड पर चलना लोगों का दूभर हो गया है जब कि जहां पर मिश्रण किया जा रहा है वहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज सटा हुआ है । उसमें दवा लेने आये मरीज व उनके तीमारदारों ने बताया कि अलकतरा का इतना दुर्गंध आ रहा है कि घुटन जैसा महसूस हो रहा है क्षेत्र की जनता का कहना है कि मिश्रण का कार्य ठेकेदारो को मैदानी इलाकों में करना चाहिए जिससे कोई को कठिनाई न हो लेकिन ठेकेदारो को जनता से कुछ लेना देना नहीं है।

## कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

श्रावस्ती । नवीन मॉडर्न पुलिस थाना क्षेत्र अन्तगर्त मिश्रौलिया भटपुरा कला गांव में एक 22 वर्षीय युवक का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की पहचान 22 वर्षीय सुमित चौरसिया पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। सुमित एक स्कूल में रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता था। वह अपनी आ शादी के लिए पैसे भी जमा कर रहा था, जो 7 मई को तय थी। वह अपनी मां का इकलौता बेटा था। उसके पिता मुंबई में मजदूरी करते हैं और उन्होंने दूसरी शादी कर ली है, सुमित गांव में अपने दादा–दादी के साथ रहता था।परिवार के सदस्यों के अनुसार, रात सुमित रिक्शा चलाकर घर लौटा था। खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो परिजनों को संदेह हुआ। कमरे में जाकर देखने पर सुमित का शव फंदे से लटका मिला।

## बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने किए सोने-चांदी के जेवर चोरी

गोण्डा। वजीरगंज क्षेत्र के देवीनगर केवटहिया गांव में बंद घर का दरवाजा खोलकर सोने–चांदी के जेवरात चोरी होने का समाचार प्राप्त हुआ है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। देवीनगर केवटहिया निवासी मीना देवी पत्नी रामलौट निषाद ने बताया कि वह 10 मार्च की शाम अपने पुराने घर का दरवाजा बंद कर उसमें कुंडी लगाकर नए घर में चली गई थीं, जहां उनके जानवर बंधे हुए थे। देर शाम जब वह वापस पुराने घर पर पहुंचीं तो दरवाजा खुला मिला। उसके घर से गांव के एक दंपति बाहर निकल कर जा रहे थे।घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखा बक्सा खुला हुआ था और उसमें रखे सोने–चांदी के जेवरात गायब थे। पीड़िता के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने की बाली, बड़ी नथ, झुमका की एक जोड़ी, मटरमाला तथा चांदी का मंगलसूत्र और अन्य आभूषण शामिल हैं।पीड़िता ने आशंका जताई है कि गांव के ही दंपति ने उसके घर में चोरी किया की घटना को अंजाम दिया है। दोनों पति–पत्नी को घर से बाहर जाते हुए जाते देखा था। वजीरगंज थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।अगर थाने में तहरीर दिया होगा तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## स्थायी संबद्धता नहीं लेते तो रोका जायेगा प्रवेष

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने स्ववित्तपोषित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत, यदि संबद्ध महाविद्यालय निर्धारित समय में स्थायी संबद्धता प्राप्त नहीं करते हैं, तो शैक्षणिक सत्र 2026–27 से इन पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।विश्वविद्यालय ने संबंधित महाविद्यालयों को एक वर्ष की अस्थायी संबद्धता प्रदान की है। यह संबद्धता 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक के लिए मान्य होगी। इस अवधि में महाविद्यालयों को सभी आवश्यक मानकों और शर्तों को पूरा करना होगा।महाविद्यालयों को स्थायी संबद्धता प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कुलसचिव केश लाल द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में आवेदन न करने पर 2026–27 सत्र से प्रथम वर्ष के छात्रों का प्रवेश पूरी तरह रोक दिया जाएगा।विश्वविद्यालय ने यह भी कहा है कि ऐसे किसी भी निर्णय की पूरी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्रशासन की होगी। यह आदेश हिंदी, भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान और शिक्षाशास्त्र जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर लागू होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

श्रावस्ती। जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती, राकेश धर दुबे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को आयोजन जनपद न्यायाधीश के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व जिलाधिकारी के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व कार्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रातः 10:30 बजे जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, राकेश धर दुबे द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर समस्त न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा समस्त बैंकों के प्रबन्धकों एवं श्री जुगुल किशोर सिंह, एल0डी0एम0, इंडियन बैंक तथा अमित वार्ष्णेय, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी ग्रामीण बैंक, श्रावस्ती एवं अधिवक्तागण व न्यायालय कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में आये हुए समस्त अतिथियों का आभार श्री प्रद्युम्न कुमार मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती द्वारा किया गया। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, राकेश धर दुबे द्वारा दीवानी न्यायालय, श्रावस्ती परिसर में विभिन्न बैंकों द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के स्टॉल का निरीक्षण किया गया, तथा बैंक के संबंधित कर्मचारीगणों को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित भी किया गया।

## श्रावस्ती में गैस की कालाबाजारी से उपभोक्ता परेशान, गैस एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### .जांच में अनियमितता उजागर, 45 उपभोक्ताओं ने लिखित शिकायत देकर लगाए गंभीर आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। घरेलू गैस की कालाबाजारी को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी सामने आई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई जांच में गैस वितरण में अनियमितता पाए जाने पर गैस एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि 14 मार्च 2026 को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अभिषेक गैस सर्विस इकौना की जांच नायब तहसीलदार, एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर, वरिष्ठ बाट माप निरीक्षक श्रावस्ती, पूर्ति निरीक्षक तहसील इकौना और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा की गई।जांच के दौरान मौके पर मौजूद 45 उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी द्वारा गैस वितरण में अनियमितता को लेकर लिखित बयान दिया। उपभोक्ताओं का



आरोप था कि एजेंसी द्वारा गैस बुकिंग के बाद उनसे ओटीपी लेकर उनके गैस रिफिल को खारिज कर दिया जाता है, जबकि उन्हें वास्तविक रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाता।जांच के दौरान एजेंसी के स्टॉक में 147 भरे हुए सिलेंडर सही पाए गए, लेकिन 5 किलोग्राम के 10 खाली घरेलू सिलेंडर अधिक पाए गए। वहीं 14.2 किलोग्राम के 102 खाली घरेलू सिलेंडर और 19 किलोग्राम के 47 खाली कमर्शियल सिलेंडर कम पाए गए। हालांकि तौल परीक्षण के दौरान सिलेंडरों का वजन मानक के अनुरूप पाया गया और तौल उपकरण भी सत्यापित मिला।जांच टीम द्वारा जब इस संबंध में गैस एजेंसी के प्रोपराइटर और प्रबंधक से पूछताछ की गई तो वे कोई संतोषजनक लिखित या मौखिक जवाब नहीं दे सके। इससे यह स्पष्ट हुआ कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की गई है, जिसकी जिम्मेदारी गैस एजेंसी के प्रोपराइटर और प्रबंधक की है।इस मामले में अभिषेक गैस सर्विस इकौना द्वारा किया गया .त्य द्रवि.त पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 तथा प्रा.तिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश 2026 का उल्लंघन पाया गया है। यह आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।इसी के तहत अभिषेक गैस सर्विस इकौना के प्रोपराइटर और प्रबंधक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 सहित संबंधित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## कोतवाली नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 4 बाइक, पर्स और नकदी के साथ 2 आरोपी गिरतार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी और छिनैती की




घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरतार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिल, एक लेडीज पर्स और 1330 रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, बीते एक सप्ताह में शहर के अलग–अलग स्थानों से चार मोटरसाइकिल चोरी होने और एक छिनैती की घटना की शिकायत दर्ज हुई थी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। रविवार को पुलिस ने रामलीला मैदान तिराहा मोड़ से दो अभियुक्तों उत्सव यादव उर्फ चुन्नी और रिजवान उर्फ बउरा को गिरतार कर लिया।पूछताछ में दोनों ने शहर में मोटरसाइकिल चोरी और छिनैती की कई घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने उनके पास से चार चोरी की मोटरसाइकिल, एक लेडीज पर्स, कॉस्मेटिक सामान और 1330 रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस ने बताया कि गिरतार अभियुक्तों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लूट और हत्या की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, मुठभेड़ में एक आरोपी घायल, दो गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती।जनपद श्रावस्ती के थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में बीते महीने हुई लूट और हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि दो अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है।जनपद श्रावस्ती के थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में 15 और 16 फरवरी की रात लूट और हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले के खुलासे के लिए थाना हरदत्त नगर गिरंट पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम लगातार प्रयास कर रही थी।इसी क्रम में 14 मार्च 2026 को पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि घटना में शामिल दो आरोपी थाना क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को रोकने का प्रयास किया।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया।घायल आरोपी की पहचान गन्नू लोनिया पुत्र राजित राम निवासी लोनियन पुरवा लालपुर महरी थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। वहीं उसका साथी ओमप्रकाश वर्मा पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी लखनऊवा कोठरा थाना रिसिया जनपद बहराइच को भी पुलिस ने मौके से गिरतार कर लिया।पुलिस ने घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। दोनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।




## बहराइच में बड़ा हादसा: प्राइवेट बस ने एएसआई को रौंदा, मौके पर मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। रामगांव थाना क्षेत्र के न्यू हाईवे स्थित झींगाघाट के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में आरपीएफ के एएसआई की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दौहरा गांव निवासी 55 वर्षीय वीरेंद्र कुमार बाइक से जा रहे थे, तभी एक तेज रतार प्राइवेट बस ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच की बैठक हुआ सम्पन्न,मुख्य अतिथि रहे नन्द किशोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के जिलाध्यक्ष रितेश सोनी की आगवानी में एक बैठक का आयोजन किया गया,जिसके मुख्य अतिथि नन्द किशोर (नन्दू) जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा,गोन्डा थे।नन्द किशोर (नन्दू) को जिलाध्यक्ष रितेश सोनी जिला महामंत्री विजय कुमार सोनी व मंत्री मनोज सोनी,रजत सोनी ने माला पहनाकर भाव्य स्वागत किया।जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा नन्दकिशोर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं जो भी एक बार मिलता है उसको मोह लेते हैं ऐसे बैनर तले और गोन्डा के जिलाध्यक्ष रितेश सोनी,जिला महामंत्री विजय कुमार सोनी, मनोज सोनी,रजत सोनी जैसे पदाधिकारी है जो मेरे भाई की तरह है इनको भी धन्यवाद है।





जिलाध्यक्ष रितेश सोनी, महामंत्री विजय कुमार सोनी, मनोज सोनी,रितेश सोनी ने नन्द किशोर का हार्दिक अभिनंदन करते हुए बैठक में आकर अपने विचार रखने के लिए आभार व्यक्त किया।राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच गोन्डा के बैठक में अनुराग सोनी, दुर्गेश सोनी,मयंक सोनी, आशीष चन्द्र सोनी सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मटेरा उप स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव के नाम पर वसूली का आरोप, बिना पैसे नहल होती डिलीवरी!

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। मटेरा उप स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने केंद्र पर तैनात नर्स पर आरोप लगाया है कि गरीब महिलाओं से डिलीवरी कराने के बदले दो–दो हजार रुपये की मांग की जाती है। आरोप है कि पैसे न देने पर प्रसव कराने में टालमटोल की जाती है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

# सपा ने कांशीराम की 92वीं जयंती पर किया याद, पीडीए दिवस के रूप में मनाया कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश
बस्ती, 15 मार्च |समाजवादी पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 92वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के आफिसर्स क्लब सभागार में सपा जिलाध्यक्ष व बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और इसे पीडीए दिवस के रूप में मनाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर में जन्मे कांशीराम ने देश की राजनीति में दलितों और पिछड़ों को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने सामाजिक न्याय की नई राजनीतिक धारा को मजबूत किया, जिसे आज भी याद किया जाता है।सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उनके संकल्पों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक महेन्द्रनाथ यादव, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी और कविन्द्र चौधरी 'अतुल' ने कहा कि कांशीराम ने सामाजिक समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।वक्ताओं ने यह भी कहा कि समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम को इटावा से सांसद बनने का अवसर देकर सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# समाजवादियों ने पीडीए दिवस के रूप में जयन्ती पर कांशीराम को किया नमन्

☞ कांशीराम ने दलितों, पिछड़ों की आवज बनकर समाजवादी सोच को ताकत दिया

☞ सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम को दिया था सांसद बनने का मौका

बस्ती । रविवार को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को उनके 92 वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी द्वारा याद किया गया। आफिसर्स क्लब के सभागार में सपा जिलाध्यक्ष और बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज पीडीए दिवस के रूप में कांशीराम जी को याद करते हुये उनके चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही योगदान पर चर्चा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर जिले में पैदा हुये कांशीराम ने राजनीति की ऐसी रेखा खींची, जो समय के साथ गहरी होती चली गई।

उन्होंने खुलकर जाति की बात की, दलितों और पिछड़ों को साथ में एक मंच पर लाने का नया समीकरण ही नहीं बनाया बल्कि इसको यथार्थ में बदल दिया। उन्होने दलित समाज को प्रतिष्ठित करने के लिये जिस प्रकार से श्रम किया उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। समाजवादी पार्टी पीडीए के द्वारा उनके संकल्पों को पूरा करने की दिशा में निरन्तर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मार्ग दर्शन में आगे बढ रही है।पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक महेन्द्रनाथ यादव, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल' ने कहा कि कांशीराम ने देश में सामाजिक समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने पिछड़े, दलित और शोषित वर्गों को राजनीतिक रूप से जागरूक करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।कांशीराम को उनके 92 वीं जयंती पर याद करते हुये अंकुर गौतम, राजेश गौतम, पंकज निषाद, अनिल निषाद, हरीश गौतम, संजय गौतम, रजनीश यादव, आर.डी. निषाद, हरेश्याम विश्वकर्मा, राजेन्द्र चौरसिया, सीताराम चौरसिया, आर.डी. गोस्वामी, राजकपूर यादव, राजाराम यादव, जमील अहमद, जावेद पिण्डारी, मो. स्वालेह, प्रवीण पाठक, दयाशंकर मिश्र, बुद्धिसागर, गीता भारती, मंशाराम कन्नौजिया, श्रीपति सिंह, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धीरसेन निषाद, किताबुल्लाह, अरविन्द सोनकर, आदि ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से सामाजिक न्याय और समानता की पक्षधर रही है। समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम को इटावा से सांसद बनने का अवसर प्रदान किया था, जिसे उस समय सामाजिक न्याय की राजनीति में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया था।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजू सिंह, अशोक सिंह, गंगाराम यादव, अजय यादव, रहमान सिद्दीकी, अखिलेश यादव, युनूस आलम, भोला पाण्ड्येय, प्रशान्त यादव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, हनुमान चौधरी, रन बहादुर यादव, मो. सलीम, राजेन्द्र चौधरी, श्याम नरायन शुक्ल, वृजेश मिश्रः, दीनानाथ चौरसिया, राम सिंह यादव, रिन्टू यादव, तूफनी यादव, जर्सी यादव, श्याम सुन्दर यादव, राजमोहन सिंह 'राजू' अरविन्द जायसवाल, योगेन्द्र सिंह यादव, अरूण मिश्र, गौरीशंकर दीपक आर्य के साथ ही हजारों की संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांशीराम जयंती पर सपा मुख्यालय सहित प्रदेशभर में कार्यक्रम, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ, । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की 92वीं जयंती समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित पार्टी कार्यालयों में सादगी के साथ मनाई गई।पार्टी मुख्यालय में कांशीराम के चित्र पर सांसद आर.के. चौधरी, विधानसभा के पूर्व नेता विरोधी दल राम गोविन्द चौधरी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।अखिलेश यादव ने कहा कि कांशीराम भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में बहुजनों को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने वर्ष 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की तथा दलित समाज में आत्मसम्मान की भावना जगाने के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने सरकारी सेवाओं में कार्यरत दलित समाज के सक्षम वर्ग को जोड़कर बहुजन समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया।अखिलेश यादव ने कहा कि कांशीराम और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में हुए गठबंधन से प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्गों के बीच नए संबंध बने और राज्य में साझा सरकार का गठन हुआ। समाजवादी पार्टी ने कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया और उन्हें हमेशा सम्मान दिया।उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को पीडीए से मजबूती मिली है। लंबे समय तक इन वर्गों को सामान्य सुविधाओं से भी वंचित रखा गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दिए गए अधिकारों से एक बड़े तबके को वंचित रखने की साजिश भारतीय जनता पार्टी कर रही है। अब सभी ने एकजुट होकर पीडीए के रास्ते भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटाने का संकल्प लिया है।कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, समाजवादी शिक्षक सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी. पाण्डेय, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अंबरीश पुष्कर, प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणिंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखनऊ जयसिंह जयंत, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन मुस्सन, विजय सिंह यादव, राम प्रकाश यादव, अनिल पासी, उमाशंकर वर्मा, राम अवतार धीमान, दुलीचंद यादव, अमरजीत सिंह महाराजगंज, नीतू यादव, विजयश्री गौतम, मालती यादव, रिंकी यादव, सत्येन्द्र रावत सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा राजनीतिक दल नहीं बल्कि गिरोह की तरह काम कर रही हैः अखिलेश यादव

लखनऊ/मुंबई, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक दल नहीं बल्कि गिरोह की तरह काम कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पूज्य शंकराचार्य को प्रयागराज के माघ मेले में गंगा स्नान नहीं करने दिया और उनका अपमान किया, साथ ही उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने का षड्यंत्र किया।मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने आगरा में छत्रपति शिवाजी के नाम पर देश का सबसे बड़ा संग्रहालय बनाने की योजना शुरू की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे रोक दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से संग्रहालय बना रही थी और इसके लिए महाराष्ट्र के लोगों को भी सहयोग करना चाहिए था।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर छत्रपति शिवाजी के नाम पर एक हजार एकड़ का पार्क बनाया जाएगा।पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष चुनाव कराना चाहिए और किसी राजनीतिक दल की कठपुतली की तरह काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष पुनरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग, भाजपा और प्रशासन मिलकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे और बड़े पैमाने पर धांधली की साजिश की गई।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोगों को एकजुट कर रही है और पीडीए के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज समाजवादी कार्यकर्ता बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम को याद कर रहे हैं। कांशीराम ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मार्ग पर चलकर लोगों को अधिकार और न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी चाहती है कि कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों पर चलकर समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम कर रही है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी।अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में समाजवादी पार्टी ममता बनर्जी का समर्थन कर रही है और चाहती है कि वह फिर मुख्यमंत्री बनें।इस अवसर पर महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं विधायक अबू आसिम आजमी, सांसद राजीव राय तथा पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध तथा आधारभूत संरचना से जुड़ी प्रगति के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने रक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, नई पहलों और चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने शोध, नवाचार और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और समाज के प्रति विश्वविद्यालय की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सकारात्मक विचार–विमर्श किया गया।

# सड़क बजट स्वीकृत होने के बाद भी नही चालू हुआ निर्माण कार्य, राहगीर परेशान

## पकड़ी से मस्जिदिया पिपरी होते हुए देवकलीगंज जाने वाली है जर्जर सड़क।

दैनिक बुद्ध का संदेश
पकड़ी बाजार/सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़ के



पकड़ी से मस्जिदिया पिपरी होते हुए देवकलीगंज जाने वाली सड़क अति क्षतिग्रस्त हो गयी है। वहीं सड़क के बीचों बीच गड्ढा होने पर हल्की सी बारिश में सड़क पर कीचड़ फैल जाता है। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों की मुश्किल और बढ़ जाती है।सड़क निर्माण को लेकर वित्तीय स्वी.ति और टेण्डर प्रक्रिया हो चुकी है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अगर दो माह में काम नहीं हुआ तो बारिश में सड़क पर फिर चलने लायक नहीं रहेगी। पकड़ी से मस्जिदिया पिपरी होते हुए देवकलीगंज तक जाने वाली 05 किमी0 मार्ग अति क्षतिग्रस्त है। क्षेत्रवासी सुनील कुमार जायसवाल, संजय जायसवाल, दयादास, पुरु जायसवाल, बनारसी साहनी, प्रधान प्रतिनिधि सरवन जायसवाल, अजय कुमार चौधरी, राम करन आदि लोगों ने सही कराने की मांग की है। जबकि पीडब्ल्यूडी के जेई अशोक कुमार चौधरी ने बताया सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य की टेण्डर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बहुत जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

# लोक अदालत में 16 जोड़ियों को मिलाकर राजीखुशी भेजे गए अपने अपने घर

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोन्डा। जनपद में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एजे गौतम चौधरी




रहे।कार्यक्रम के आयोजक जनपद न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह रहे।प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की अदालत से नौ जोड़ी राजी खुशी से विदा होकर अपने अपने घर गए और अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम हरेंद्र कुमार ओझा की अदालत से सात जोड़ी राजी खुशी से विदा होकर अपने अपने घर गए हैं। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनील कुमार पंचम ने बताया है कि लोक अदालत में कुल 16 जोडी राजी खुशी से विदा होकर अपने–अपने घर गए हैं। इनसे सुलह की बात पहले से चल रही थी। इस मौके प्रधान न्यायाधीश के बाबु मनीष कुमार द्विवेदी, काउंसलर उमेश सिंह चौहान, प्रेम प्रकाश वर्मा, संजय पांडेय, गीता सिंह व पेशकर अनंत राम मौजूद रहे।लोक अदालत में जनपद न्यायालय गोंडा की नोडल अधिकारी अपेक्षा सिंह की देख रेख में लोक अदालत सम्पन्न हुआ।जिसमे विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण हुआ। लोक अदालत में सभी न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुन्नू खेड़ा रोड पारा में उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल के अंतर्गत मुन्नू खेड़ा रोड, पारा क्षेत्र में उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन किया गया। यह गठन अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के दिशा–निर्देशों तथा महामंत्री उमेश शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।गठन के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें गंगा प्रसाद यादव को अध्यक्ष और राजभान यादव को वरिष्ठ महामंत्री बनाया गया। हरिराम यादव को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया, जबकि नीरज कुमार रावत, विवेक कुमार मिश्र, रमेश चंद मिश्र और अनूप कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।इसी क्रम में अनिल कुमार यादव, सत्येंद्र यादव, राकेश कुमार तिवारी और रामदेव यादव को महामंत्री बनाया गया। देवेंद्र कुमार आहूजा और जे.एन. सोनकर को वरिष्ठ सचिव तथा चरण सिंह यादव, अरुण कुमार यादव और सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को सचिव का दायित्व सौंपा गया।संगठन को मजबूत बनाने के लिए मोनू यादव को संगठन मंत्री तथा अनिल कुमार भारद्वाज और वीरपाल यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त परशुराम पाल, संतोष सिंह और तेजपाल यादव को सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं मंडल के संरक्षक के रूप में सुरेंद्र कुमार पांडे, तेजपाल यादव, अमरेश कुमार यादव, रामगोपाल यादव, आशीष यादव और मनीष कुमार वर्मा को घोषित किया गया।इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए महामंत्री उमेश शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सशक्त मंच प्रदान करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक:- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित | आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 | सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# धुरंधर 2 एडवांस बुकिंग: वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ का आंकड़ा पार, अब नजर इस बड़े रिकॉर्ड पर




धुरंधर 2 रिलीज से पहले नए–नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. रणवीर सिंह के फैंस फिल्म धुरंधररू द रिवेंज की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को रिलीज होने वाली है. हालांकि फिल्म के प्रीव्यू शो 18 मार्च को पूरे भारत और दुनिया भर में दिखाए जाएंगे. इन प्रीव्यू शो के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. फैंस ने अभी से अपनी सीटें बुक करना शुरू कर दिया है. हालांकि भारत में अभी रेगुलर शो के लिए एडवांस बुकिंग का विंडो ओपन नहीं हुआ है. धुरंधर 2रू द रिवेंज की नजर भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़ी ओपनिंग देने पर है. मौजूदा एडवांस बुकिंग ट्रेंड्स को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि आदित्य घर की निर्देशित स्पाई एक्शन रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग करेगी. सैकनिल्क के अनुसार, यह फिल्म पेड प्रीमियर सहित, दुनिया भर में ओपनिंग डे पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने का लक्ष्य बना रही है. आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 की ओपनिंग डे के लिए दुनिया भर में एडवांस बिक्री पहले ही 50 करोड़ रुपये के ग्रॉस आंकड़े के करीब पहुंच चुकी है. प्री–सेल्स की यह जबरदस्त रफ्तार फिल्म की रिलीज से पहले भारत और विदेशों, दोनों ही बाजारों में इसकी भारी मांग का संकेत देती है. सैकनिल्क के मुताबिक, अभी तक, धुरंधर 2 ने 18 मार्च को अपने पेड प्रीव्यू के लिए भारत में लगभग 21.50 करोड़ रुपये की कमाई की है. यह फिल्म सिर्फ भारत में ही पेड प्रीमियर से 35 करोड़ रुपये से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर सकती है. पूरे शुरुआती वीकेंड के लिए विदेशी प्री–सेल्स लगभग 35 करोड़ रुपये है. सैकनिल्क के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका में फिल्म को लेकर काफी उत्साह है. यहां फिल्म के प्रीमियर की एडवांस बिक्री लगभग 982,374 डॉलर तक पहुंच गई है. यह बिक्री 678 जगहों पर 1,684 शो के लिए हुई है, जिसमें लगभग 61,491 टिकट बिके हैं. अगर कनाडा को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर की कुल एडवांस बिक्री 1.2 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गई है. यह किसी भी हिंदी फिल्म के लिए अब तक की सबसे ज्यादा प्रीमियर एडवांस बिक्री है, जिसने फिल्म एनिमल द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है. सैकनिल्क के अनुसार, किसी भी भारतीय फिल्म के लिए विदेशों में सबसे बड़े ओपनिंग वीकेंड का मौजूदा रिकॉर्ड शाहरुख खान की फिल्म पठान के नाम है, जिसने अपने ओपनिंग वीकेंड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 26 मिलियन डॉलर की कमाई की थी. प्रीमियर शो के लिए अभी छह दिन बाकी हैं और उत्तरी अमेरिका के साथ–साथ दूसरे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी एडवांस बुकिंग लगातार जारी है. ऐसे में ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि अगर मौजूदा रुझान इसी तरह बने रहे, तो धुरंधररू द रिवेंज, पठान के बनाए गए विदेशों में ओपनिंग वीकेंड के रिकॉर्ड को चुनौती दे सकती है और शायद उसे पीछे भी छोड़ सकती है.

# भूत बंगला के टीजर ने सोशल मीडिया पर काटा गदर–24 घंटे में बना दिया ये रिकॉर्ड




बॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्म भूत बंगला का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है. प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी को करीब 14 साल बाद पर्दे पर देखकर फैंस बहुत एक्साइटेड हो गए हैं. यह हॉरर–कॉमेडी फिल्म दर्शकों को डर और हंसी दोनों का शानदार मिश्रण देने का वादा करती है. सोशल मीडिया पर टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म रिलीज से पहले ही लोगों के दिलों में जगह बना चुकी है. टीजर में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन का कॉमिक अंदाज बिलकुल पहले जैसा नजर आ रहा है. मजेदार पंचलाइन, सिग्नेचर कॉमिक वाले सीन्स और हल्की–फुल्की डरावनी झलक ने फैंस को पूरी तरह एंटरटेन किया है. यह टीजर यूट्यूब और बाकी प्लेटफॉर्म्स पर मिलाकर अब तक 55 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और पिछले 24 घंटों से यूट्यूब इंडिया पर नंबर 2 पर ट्रेंड कर रहा है. परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसी लीजेंड्री कॉमिक्स की वापसी ने फैंस की खुशी को और बढ़ा दिया है. सभी दर्शक और सेलेब्रिटी सोशल मीडिया पर इस टीजर की तारीफ कर रहे हैं और अक्षय–प्रियदर्शन की जोड़ी को देखकर पुरानी कॉमेडी फिल्मों की याद ताजा कर रहे हैं. बता दें, फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और इसे अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है. भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी लीड रोल में है. फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है और यह 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. प्रियदर्शन और अक्षय की यह जोड़ी पिछले कई सालों से हिंदी कॉमेडी और हॉरर की दुनिया में यादगार काम कर चुकी है और अब भूत बंगला के साथ वो फिर से उस जादू को वापस ला रहे हैं.

# उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर रिलीज, पवन कल्याण ने लगाया एक्शन और स्वैग का जबरदस्त तड़का

पावर स्टार पवन कल्याण एक बार फिर अपने पुराने तेवर और जबरदस्त स्वैग के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर रिलीज हो चुका




है, जो पूरी तरह से मास–कमर्शियल तत्वों, दमदार डायलॉग्स और हाई–वोल्टेज एक्शन से लबरेज है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि पवन कल्याण इस बार पूरी फॉर्म में हैं और बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

टीजर, गानों की सफलता के बाद निर्माताओं ने उस्ताद भगत सिंह का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो मनोरंजन का जबरदस्त पैकेज है। निर्देशक हरीश शंकर ने ट्रेलर में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और दमदार पंच डायलॉग्स का ऐसा तड़का लगाया है, जिसे देखकर फैंस झूम उठे हैं। हरीश जानते हैं कि अपने पावर स्टार को पर्दे पर किस तरह पेश करना है, जिसकी बानगी ट्रेलर में दिख रही है। कुल मिलाकर दर्शकों को एक बेहतरीन कमर्शियल एंटरटेनर मिलने वाली है।

पावर स्टार पवन कल्याण की बेमिसाल स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार कॉमेडी टाइमिंग और सबसे खास बात उनके सरप्राइज डांस मूव्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। फिल्म में जहां श्रीलीला के साथ पवन कल्याण की केमिस्ट्री रोमांचक लग रही है, वहीं पार्थिबन का विलेन अवतार फिल्म में जबरदस्त टकराव की ओर इशारा कर रहा है। पुष्पा वाले मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी ये फिल्म 19 मार्च को रणवीर सिंह की धुरंधररू द रिवेंज के साथ सिनेमाघरों में आएगी।

# महक चहल ने शतरंज की बाजी की तरह जिंदगी में भी जीतने की दी सीख

मनोरंजन जगत में सोशल मीडिया अब सिर्फ तस्वीरें पोस्ट करने का जरिया नहीं रह गया है बल्कि सितारे इसके जरिए अपने विचार, अनुभव और जिंदगी के नजरिए भी लोगों के साथ साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री महक चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर साझा की है जिसने उनके फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में वह शतरंज खेलती




नजर आ रही हैं और इसके साथ ही उन्होंने जिंदगी को लेकर एक दिलचस्प बात लिखी है। महक चहल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह शतरंज की बिसात के सामने बैठी नजर आ रही हैं।

तस्वीर में उनका अंदाज काफी शांत दिखाई दे रहा है, जैसे वह अगली चाल के बारे में गहराई से सोच रही हों। शतरंज की बिसात पर मोहरे सजे हुए हैं और महक उन्हें ध्यान से देखती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी काफी हद तक शतरंज की तरह है। कुछ चालें जीत दिलाती हैं, कुछ से आप सीखते हैं। दोनों ही तरह से, यह सब खेल का हिस्सा है। महक चहल के इस पोस्ट पर फैंस अपनी ओर से खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने उनके इस संदेश को प्रेरणादायक बताया। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, वाह, क्या बात कही है, जिंदगी सच में शतरंज की तरह ही होती है। एक अन्य फैन ने लिखा, यह सिर्फ शतरंज नहीं, लाइफ की बड़ी सीख है। एक अन्य फैन ने लिखा, हार भी जरूरी है, तभी जीत की कीमत समझ आती है।

महक चहल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2002 में तेलुगु फिल्म नीथो से की थी। इसके बाद उन्होंने 2003 में हिंदी फिल्म नई पड़ोसन से बॉलीवुड में कदम रखा, जिससे उन्हें पहचान मिली। आगे चलकर वह कई हिंदी, पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने फिल्मों में अभिनय के साथ–साथ कई लोकप्रिय गानों में भी डांस परफॉर्मेंस दी। 2009 में वह सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में दिखाई दीं। टेलीविजन पर उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस 5 में हिस्सा लेकर खास लोकप्रियता हासिल की, जहां वह रनर–अप रहीं। बाद में उन्होंने फीयर फैक्टररू खतरों के खिलाड़ी 11 में भी भाग लिया। वहीं नागिन 6 में अहम किरदार निभाया।

# आम को इन 5 तरीकों से खाएं, स्वाद और सेहत दोनों का रखें ध्यान



गर्मियों में आम का स्वाद और सुगंध कुछ खास होती है। आम को फलों का राजा कहा जाता है और यह कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आम को खाने के कुछ अनोखे और मजेदार तरीके हैं, जो आपके स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखते हैं। आइए आम को खाने के कुछ ऐसे तरीके जानते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

आम की चटनी

आम की चटनी एक बेहतरीन विकल्प है, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकती है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को कदूकस करें, फिर उसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन, नमक और थोड़ा–सा गुड़ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से पीस लें। यह चटनी रोटी, पराठे या चावल के साथ बहुत अच्छी लगती है। इससे आपका खाना और भी मजेदार हो जाएगा। इसके अलावा यह चटनी आपके पाचन को भी सुधार सकती है।

आम का अचार

आम का अचार एक पारंपरिक भारतीय व्यंजन है, जो हर घर में बनता है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर धूप में सुखाया जाता है, फिर उसमें सरसों का तेल, मेथी के दाने, सौंफ और हल्दी मिलाकर धूप में रखा जाता है। यह अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह अचार आपके पाचन को भी सुधार सकता है।

आम का शेक

आम का शेक एक ताजगी भरा पेय है, जो गर्मियों में बहुत पसंद किया जाता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसके गूदे को मिक्सर में डालें, फिर उसमें दूध, चीनी और बर्फ डालकर अच्छे से मिलाएं। आपका स्वादिष्ट आम का शेक तैयार है। यह पेय न केवल आपको ताजगी देगा बल्कि शरीर को ठंडक भी प्रदान करेगा। इसके अलावा यह पेय आपके शरीर को ठंडा रखने में मदद करेगा।

आम की कुल्फी

आम की कुल्फी एक शानदार मिठाई है, जो गर्मियों में बहुत लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दूध, चीनी और थोड़ी–सी इलायची पाउडर मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में डालकर फ्रीजर में जमने दें। कुछ घंटों बाद आपकी आम की कुल्फी तैयार होगी। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है बल्कि आपके शरीर को ठंडक भी प्रदान करती है।

आम का रायता

आम का रायता खाने का स्वाद बढ़ाने वाला एक अनोखा व्यंजन है, जिसे किसी भी भोजन के साथ खाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दही, भुना जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा–सा चीनी मिला दें। आपका आम का रायता तैयार हो जाएगा। इन सभी तरीकों से आम को खाने पर न केवल उसका स्वाद बढ़ता है बल्कि ये आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हैं।